




# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 215

ग्वालियर, शुक्रवार, 24 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## खास खबर

### मप्र में 27 सितंबर को फिर होगा टीकाकरण महाअभियानः चौहान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में 27 सितंबर को फिर कोरोना रोधी टीकाकरण महाअभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महाअभियान में प्रमुखता से प्रदेश के उन पात्र व्यक्तियों को टीके की प्रथम खुराक दी जाएगी, जिन्होंने अभी तक टीका नहीं लगवाया है। चौहान ने कहा कि इस महाअभियान में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रदेश के शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को टीके की प्रथम खुराक दी जाए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए पूर्व महाअभियानों की तरह इस महाअभियान में भी जन-भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मध्य प्रदेश में कोविड-19 टीकाकरण जनवरी 2021 से निरंतर जारी है। अभी तक प्रदेश में 5.91 करोड़ से अधिक टीकों की खुराक लगाई जा चुकी हैं। इसमें से 4,59,49,020 नागरिकों को टीके की प्रथम खुराक और 1,31,72,210 नागरिकों को टीके की दूसरी खुराक दी जा चुकी है।

### भारत में घुसे अफगान आतंकी खुफिया एजेंसियों ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद पहली बार अफगानिस्तानी आतंकियों के भारत में घुसने की खबर है। खुफिया एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया है। किसी बड़े हमले की आशंका भी जाहिर की गई है। सूत्रों के मुताबिक, आतंकियों के निशाने पर सेना के कैंप या बड़े सरकारी संस्थान हो सकते हैं। खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक, उरी सेक्टर के एक पोस्ट पर फैंस काटकर अफगान आतंकियों की घुसपैठ कराई गई। अफगानी आतंकियों को भारत में घुसा कर वापस लौट रहे पाकिस्तानी आतंकियों से सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हुई जिसमें एक सिपाही जख्मी हो गया था। आतंकियों के पास से घातक हथियार भी बरामद हुए। खुफिया रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर लिखा है कि 18 सितंबर 2021 को पांच अफगान आतंकियों ने उरी सेक्टर के एक पोस्ट से भारत में घुसपैठ की है। सूत्रों के अनुसार, सेना द्वारा उरी सेक्टर में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इन पांचों आतंकी अफगानिस्तान से आए हैं, इसलिए कश्मीर में लोगों के बीच आसानी से घुलमिल नहीं सकते। सुरक्षाबल लगातार इनकी तलाश कर रही है। सभी संदिग्ध जगहों पर छापेमारी की जा रही है। इसके अलावा जो लोग इन्हें शरण दे सकते हैं, उनसे भी पूछताछ की जा रही है। सेना के कैंप या बड़े सरकारी संस्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### बेंगलुरु के एक गोदाम में विस्फोट दो लोगों की मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम में हुए विस्फोट से दो लोगों की मौत हो गई है और तीन लोग घायल हो गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक आग बुझाने के लिए दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं और अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। डीसीपी (बेंगुलुरु दक्षिण) हरीश पांडे ने बताया है कि विस्फोट के कारण का अब तक पता नहीं चल सका है। कंपनी द्वारा एक विस्फोटक सामग्री ले जाने की शुरुआती रिपोर्ट्स हैं जो बताते हैं कि पटाखे हैं। लेकिन इसे वेरीफाई किए जाने की जरूरत है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया है कि हमें घटनास्थल पर पटाखे मिले हैं। हमने बम निरोधक इकाइयों और डॉग स्क्वाड को बुलाया है। जल्द ही मामले की सही जानकारी मिल सकेगी।

### अगर मैं चुनाव नहीं जीती तो कोई और बन जाएगा बंगाल का सीएमः ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी 30 सितंबर को होने वाले भवानीपुर विधानसभा उपचुनाव में जीत के लिए आश्वस्त है फिर भी अन्य किसी हालात के मद्देनजर उनको विजय नहीं मिलता हैं तो उनकी पार्टी का कोई और व्यक्ति पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बन जाएगा यह बात ममता दीदी ने पहली चुनावी सभा में कही। उन्?होंने कहा, बारिश होने पर भी अपना वोट जरूर दें। आपका एक-एक वोट कीमती है। अगर मुझे एक भी वोट कम पड़ा तो इसका परिणाम मुझे भुगतना पड़ेगा। ममता बनर्जी ने कहा, आत्मसंतुष्ट होकर मत बैठो और ये मत मान लो कि मेरी जीत पक्की है। यदि आप मुझे मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं तो आपको मुझे वोट देना होगा। हर वोट महत्वपूर्ण है। दक्षिण कोलकाता के एकबालपुर इलाके में अपनी पहली चुनावी बैठक में बोलते हुए ममता ने कहा, अगर मैं नहीं जीतती हूं तो कोई और मुख्यमंत्री बन जाएगा क्योंकि हम बहुमत में हैं। हिंदी और बंगाली में बोलते हुए बनर्जी ने कहा, मैंने नंदीग्राम से चुनाव लड़ा था लेकिन मुझे वहां पर हराने की साजिश रची गई। ये मामला अब सुप्रीम कोर्ट में है। भारत के संविधान के मुताबिक मुझे मुख?यमंत्री बने रहना है तो भवानीपुर विधानसभा सीट से मुझे जीत हासिल करनी होगी। बता दें कि पिछले दो विधानसभा चुनावों के नतीजों को देखें तो हिंदू बाहुल्य भवानीपुर में बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा है।

# जनकल्याण एवं सुराज अभियानः मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राजधानी भोपाल के 07 विकास कार्यों का किया ई-लोकार्पण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जनकल्याण और सुराज अभियान के तहत राजधानी के मिंटो हॉल से प्रदेश के 24 नगरों में 1056 करोड़ रुपये की लागत से 69 विकास कार्यों का ई-लोकार्पण किया। वर्च्यूअल लोकार्पण कार्यक्रम में केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, वित्तीय मंत्री जगदीश देवड़ा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास मनीष सिंह भी उपस्थित थे। बुधवार को ई-लोकार्पित विकास कार्यों में भोपाल शहर में स्मार्ट सिटी के तहत महालक्ष्मी आवासीय परिसर, एम.आर.-2 माता मंदिर से न्यू मार्केट मार्ग निर्माण, टेक्टिकल परियोजना अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर प्लेस मेकिंग कार्य व नगर निगम द्वारा अमृत योजना व नगर निगम निधि से विकसित वार्ड क्र. 29 के नेहरू नगर पुलिस लाईन उद्यान, नेहरू नगर डी-सेक्टर उद्यान, नेहरू नगर ए.वी.एम स्कूल के पास उद्यान एवं यादगार-ए-शाजहांनी पार्क एक्सटेंशन उद्यान शामिल है, का भी ई-लोकार्पण किया गया। नगर निगम द्वारा नेहरू नगर ए.वी.एम स्कूल के पास स्थित पार्क में मुख्यमंत्री श्री चौहान के वर्च्यूअल लोकार्पण कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था एल.ई.डी स्क्रीन के माध्यम से की गई थी। निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी की उपस्थिति में एल.ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से बड़ी संख्या में नागरिकों ने वर्च्यूअल लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा साथ ही भोपाल शहर से संबंधित विकास कार्यों के लोकार्पण संबंधी शिला पट्टिकाएं भी यहां अनावरित की गई।

### जेपी अस्पताल में दो ऑक्सीजन प्लांट तैयार, कल सीएम करेंगे शुभारंभ

**भोपाल।** राजधानी के जिला अस्पताल जेपी में दो ऑक्सीजन प्लांट बनकर तैयार हो गए है। कल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इनका शुभारंभ करेंगे। 1000 लीटर प्रति मिनट की उत्पादन क्षमता वाले दो ऑक्सीजन जनरेसन प्लांटों से अस्पताल में आक्सीजन की जरुरत पूरी हो सकेगी। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए जेपी अस्पताल में 1000 लीटर प्रति मिनट की क्षमता वाले दो ऑक्सीजन जनरेसन प्लांट लगाए गए हैं। इसका वर्चुअल शुभारंभ शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। बता दें कि भोपाल जिले में 10 ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट लगाए जा रहे हैं। उनमें से पांच ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं। बचे हुए 5 प्लांट भी 15 दिन के भीतर तैयार होने की उम्मीद है। उधर, हमीदिया अस्पताल में भी 500 लीटर प्रति मिनट की क्षमता वाला ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट तैयार हुआ है। यहां पर 2000 लीटर प्रति मिनट की क्षमता वाला एक और प्लांट लगाने का प्रस्ताव है। हालांकि अभी वहां पर कोरोना के मरीज कम हैं, इसलिए इसकी ज्यादा जरूरत नहीं है। पूरे प्रदेश में 190 ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट लगाए जा रहे हैं। इस बारे में जेपी अस्पताल के अधीक्षक डॉ राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों प्लांटों से ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए सभी वार्डों में पाइप लाइन लगा दी गई है।

# सिद्धू को खुली चुनौती राहुल-प्रियंका पर तंज. कैप्टन पर होगा एक्शन



**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटने के बाद कैप्टन अमरिंदर सिंह कांग्रेस के खिलाफ बगावती तेवर दिखाने लगे हैं। नवजोत सिंह सिद्धू को चुनावी मैदान में खुली चुनौती देने और राहुल गांधी-प्रियंका गांधी को अनुभवहीन बताने वाली कैप्टन अमरिंदर की टिप्पणी पर फिलहाल कांग्रेस वेट एंड वॉच की रणनीति पर चलेगी। कैप्टन के बागी तेवर पर फिलहाल कांग्रेस कोई एक्शन नहीं लेगी। माना जा रहा है कि कांग्रेस आगामी चुनाव को देखते हुए अभी कोई एक्शन लेने के मूड में नहीं है। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने बुधवार को नवजोत सिंह सिद्धू पर हमला बोला था और कहा था कि उन्हें किसी भी कीमत पर वह चुनाव नहीं जीतने देंगे। इतना ही नहीं, सिद्धू को मुख्यमंत्री बनने से रोकने के लिए वह हर कुर्बानी देने को तैयार हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा था कि आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में वह नवजोत सिंह सिद्धू के खिलाफ मजबूत कैंडिडेट उतारेंगे और उनकी हार सुनिश्चित करेंगे। इतना ही नहीं, कैप्टन ने कहा था कि वह इस खतरनाक आदमी से देश को बचाने के लिए कोई भी कुर्बानी देने को तैयार हैं। कांग्रेस के टॉप सूत्रों ने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ इन बयानों के लिए कोई एक्शन लेने की जरूरत नहीं है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी कैप्टन के शांत होने का इंतजार करेगी। बता दें कि कांग्रेस की पंजाब इकाई में गुटबाजी और आंतरिक कलह की वजह से हाल में अमरिंदर सिंह ने राज्य के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और कांग्रेस नेतृत्व के सामने अपनी नाराजगी जाहिर की थी। इतना ही नहीं, उन्होंने सोनिया गांधी के समक्ष भी कहा था कि उनका बहुत अपमान हो रहा है। अमरिंदर सिंह ने अपने कई साक्षात्कारों में कहा, प्रियंका और राहुल मेरे बच्चों की तरह हैं। इसका पटाक्षेप ऐसा नहीं होना चाहिए था। मैं व्यथित हूं।

# दिग्विजय हिंदू-मुस्लिम आबादी पर बोले : देश को मुसलमानों से जनसंख्या वृद्धि का खतरा नहीं

### हिंदुओं की तुलना में उनकी जन्म दर में अधिक गिरावट, जो 2028 तक बराबर हो जाएगी



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने हिंदू-मुसलमान की बढ़ती आबादी को लेकर बड़ा बयान दिया है। दिग्विजय ने कहा कि मुसलमानों की जन्म दर घट रही है। साल 2028 तक हिंदुओं और मुसलमानों की जन्म दर बराबर हो जाएगी। उन्होंने एक स्टडी का हवाला देते हुए कहा- 1951 के बाद से मुसलमानों की जन्म दर में गिरावट हिंदुओं की तुलना में अधिक रही है। जनसंख्या वृद्धि को लेकर मुसलमानों से कोई खतरा नहीं है। सीहोर में किसान पदयात्रा कार्यक्रम के समापन के दौरान दिग्विजय सिंह ने कहा- ये कहते हैं कि मुसलमान 4-4 बीवी रखते हैं। दर्जनों बच्चे पैदा कर लेते हैं और 10-20 साल बाद मुसलमान बहुसंख्यक हो जाएंगे और हिंदू अल्पसंख्यक हो जाएंगे। मैं चुनौती देता हूं जो भी मुझसे चर्चा करना चाहें कर लें। दिग्विजय ने आगे कहा- एक स्टडी से पता चलता है कि देश में हिंदुओं के मुकाबले मुसलमानों की जन्म दर लगातार घट रही है। 1951 से लेकर आज तक मुसलमानों की जन्म दर जितनी तेजी से घट रही है उतनी तेजी से हिंदुओं की जन्म दर नहीं घटी है, लेकिन आज भी मुसलमानों की जन्म दर 2.7 है और हिंदुओं की 2.3 है। यानी हिंदुओं के परिवार में औसतन 2.3 सदस्य और मुसलमानों के परिवार में 2.7 लोग हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से जनसंख्या की जन्म दर घट रही है, 2028 तक हिंदुओं की और मुसलमानों की जन्म दर बराबर हो जाएगी और उस समय पूरे देश में जनसंख्या स्थिर हो जाएगी। जो भी बढ़ोतरी होगी वो 2028 तक होगी। उसके बाद नहीं होगी।

# जनजातीय विकास कार्यो और चुनौतियों के विषयों पर कराएँ शोधः राज्यपाल श्री पटेल

### विश्वविद्यालय समुदाय के बीच जाकर जागृति के करें कार्य


### राजभवन में जनजातीय विश्वविद्यालय की बैठक सम्पन्न



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जनजातीय विकास कार्यो और चुनौतियों के विषयों पर विश्वविद्यालय शोध कार्य करायें। जनजातीय विकास कार्यक्रमों और योजनाओं के प्रति जन-जागरण के कार्य किए जाएँ। विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि समुदाय के बीच जाकर शिक्षा, स्वास्थ्य आदि विषयों पर चर्चा करें। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठानें के लिए प्रेरित करें। राज्यपाल श्री पटेल आज राजभवन में आयोजित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकटंक की बैठक को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जनजातीय समाज में सिकल सैल रोग के उन्मूलन के प्रयासों में विश्वविद्यालय सहयोग करें। रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की जानकारी एकत्र कर, उपलब्धता के प्रयास किए जायें। समुदाय में रोग से बचाव और उपचार के प्रयासों की जानकारी प्रसारित करने के कार्य किए जाएँ। विश्वविद्यालय द्वारा गाँवों में जाकर ग्रामीणों के बीच उनके विकास और अधिकार के संबंध में जानकारी प्रदान करने की व्यवस्था की जाए। जनजातीय समुदाय में उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि भू-अधिकार प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के साथ प्राध्यापकों को भी शामिल होना चाहिए। विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत किए जा रहे कार्यों का अध्ययन कराने की पहल करें।







# सिद्धिविनायक भ्रूण हत्या कांडः पांच फैक आईडी धारकों पर मामला दर्ज मेडीकल कर्मचारी गिरफ्तार



शिवपुरी।

शहर के फिजीकल थाना क्षेत्र पुलिस ने फैंक आईडी द्धारा शहर के पत्रकारों के बारे में गलत कमेंट कर रहे पांच आईडी धारकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में एक आरोपी को हिरासत में भी ले लिया है। जानकारी के अनुसार सिद्धिविनायक भ्रूण हत्या का वीडियो बायरल होते ही शोसल मीडिया पर एक दम से फर्जी आईडी की बाढ सी आ गई। यह फर्जी आईडी धारी लगातार शहर के पत्रकारों का टारगेट कर उनके खिलाफ आपत्ति जनक पोस्ट अपलोड कर रहे थे। जिसे लेकर अर्पित शर्मा पुत्र भगवत शर्मा उम्र 33 साल निवासी विवेकानंदपुरम की शिकायत पर पवन धाकड, चेतन धाकड, श्याम नारायण शर्मा, शिवपुरी सेवक और सच की आवाज के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर 67 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है। इस मामले में पुलिस ने सिद्धिविनायक अस्पताल के मेडीकल कर्मचारी पवन धाकड को गिरफ्तार कर लिया है। इसे गिरफ्तार कर इसके मोबाईल की छानवीन की तो उसमें से कई राज निकलकर सामने आए है। यहां बता दे कि सिद्धिविनायक अस्पताल में भ्रूण हत्या का मामला सामने आते ही शहर में ऐसा एक ग्रुप सक्रिय हो गया जो लगातार शोसल साईड पर सिद्धिविनायक अस्पताल को पाक साफ दिखाकर शहर के पत्रकारों को ब्लैकमैलर बता रहा है।

## चरणवद्ध आंदोलन के लिए एकजुट हुए कर्मचारी संघ, 28 सितम्बर को देंगे मुख्यमंत्री को ज्ञापन



शिवपुरी। मंहगाई भत्ता न मिलने तथा प्रमोशन जैसी मांगों को लेकर शासकीय सेवक अब अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आंदोलनरत हैं। लम्बे समय से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मांगों का निराकरण न होने से अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने सरकार का ध्यानाकर्षण कराया है तथा तीन चरणों में आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पिपलौदा तथा जिला सचिव राजकुमार सरैया ने प्रेस को विज्ञप्ति जारी कर वताया कि गत दिवस अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक होटल वनस्थली में आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न संगठनों के जिलाध्यक्षों एवं पदाधिकारियों ने अपनी मांगें निराकरण के लिए अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा को अपना समर्थन दिया है। कर्मचारी संघ अब संयुक्त मोर्चे में शामिल होकर आंदोलन करेंगे आंदोलन के प्रथम चरण में 28 सितम्बर को तहसील स्तर पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके पश्चात 08 अक्टूबर को जिलास्तरीय ज्ञापन, 22 अक्टूबर को प्रदेश स्तरीय धरना ज्ञापन तथा 28 एवं 29 अक्टूवर को प्रदेश के सभी कार्यालयों एवं विभागों के अधिकारी कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।


**यह हैं प्रमुख मांगें:-** केन्द्र के समान केन्द्रीय तिथि से 16 प्रतिशत मंहगाई भत्ता, एरियर्स एवं वेतनवृद्धि शीघ्र देने, प्रदेश के कर्मचारियों की शीघ्र पदोन्नति देने, कर्मचारियों तथा निगम मंडलों को जनवरी 2020 से स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ, सातवे वेतनमान अनुसार गृह भा?ा एवं अन्य भत्ते देने, वेतन विसंगतियां दूर करने, एनपीएस व्यबस्था बंद कर पुरानी पेंशन योजना बहाली सहित सभा मांगें प्रमुख हैं।आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से राजपत्रित अधिकारी कर्मचारी संघ, पेंशनर्स एशोसिएशन, पटवारी संघ, अपाक्स संघ, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, हैंडपंप तकनीशियन संघ, म.प्र.तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, कर्मचारी कांग्रेस, शासकीय अध्यापक संघ, बाहन चालक संघ, आजाद अध्यापक संघ, प्रगतिशील संयुक्त कर्मचारी संघ, लघुवेतन कर्मचारी संघ, एनएमओपीएस, पुरानी पेंशन बहाली संघ, कर्मचारी कांग्रेस शिक्षा प्रकोष्ठ, शासकीय सेवक सेतू भारत आदि संघों के जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों में प्रकाश पाण्डेय, अशोक सक्सैना, शंभू सिंह जाट, गोविन्द श्रीवास्तव, गोपाल प्रधान, मोहम्मद राशिद, मनोज भार्गव, केदार शर्मा, कपिल दुवे, हरीश हर्षित, श्अरविन्द सरैया, पवन अवस्थी, बाबू खां, सुनील वर्मा, राजीव पुरोहित, धीरज सिंह राजपूत, मनमोहन जाटव, तरीक सिद्वकी, महावीर मुदगल, अमरदीप श्रीवास्तव, प्रदीप नरवरिया, राजेश सैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अभी और कर्मचारी संघ इस संयुक्त मोर्चे में शामिल होंगे। बैठक का संचालन महावीर मुदगल ने किया।

## कोलारस में हुई 2 घंटे मूसलाधार बारिश के चलते युवक जीप सहित गुजरी नदी के सैलाब में फसे पास के मौजूद लोगों ने बचाया

शिवपुरी। जिले के कोलारस में बुधवार देर रात को 2 घंटे मूसलाधार बारिश हुई जिस पर गुजरी नदी में सैलाब आ गया बारिश और सैलाब के कारण लगातार घटित हो रही घटनाओं के बावजूद लोग इनसे सबक लेने का नाम नहीं ले रहे हैं। जिसका परिणाम आए दिन कोई ना कोई गंभीर हादसा घटित हो रहा है बुधवार की शाम 2 घंटे हुई मूसलाधार बारिश के कारण गुजरी नदी में सैलाब आ गया जिसके कारण नदी पुल के ऊपर से बहने लगी बावजूद इसके कई लोगों ने लापरवाही बरतते हुए अपनी जान से खिलवाड़ कर पुल को पार किया जिस वजह से एक बाइक सवार पानी के तेज बहाव में बाइक सहित बह गया यह वर्क कोलारस कश्मीर से खटीक मोहल्ले की तरफ जा रहा था सैलाब में युवक की बाइक का तो कुछ पता नहीं चल सका लेकिन किसी तरह बहन नदी के किनारे आ गया जिससे उसकी जान बच गई घटना से घबराई युवक वहां से भाग गए वहीं दूसरी तरफ एक जीप में सवार दो अन्य युवकों ने भी इसी तरह की लापरवाही बरती जिस वजह से नशे की हालत में दोनों युवक जीत सहित पानी के बहाव में फस गए जब पानी के बाद ऐसा लगा कि जीत भेज सकती है तो जीत सवार दोनों युवकों ने भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई इसी दौरान स्थानीय निवासी ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर ट्रैक्टर की मदद से जीत को पानी से बाहर निकाला



## बी एस डब्लू अधिकारी कोर्स का सपोर्ट वैपन ट्रेनिंग स्कूल करैरा आई टी वी पी में शिक्षणार्थियों का समापन समारोह सम्पन्न





### नेशनल जूडो कराटे कोच ने लिया प्रशिक्षण

करैरा

सपोर्ट वैपन ट्रेनिंग स्कूल आई टी वी पी मे 39BSW (OFFICE RS) कोर्स का विधिवत विभिन्न इकाइयों से आए 48 प्रशिक्षणार्थियों का 12 सप्ताह का प्रशिक्षण समारोह सम्पन्न हुआ। अतिथि मे सपोर्ट वाहिनी सेनानी अभय चन्द्र,सपोर्ट वैपन ट्रेनिंग स्कूल के उप महानिरीक्षक ए पी एस निम्बाडिया ने समापन समारोह मे प्रशिक्षणार्थियों के अनुभव को जाना उन्होंने कहा की आपने जो यहा प्रशिक्षण मे सीखा है उन्हे यहा से जाकर अपने साथियों, जूनियरो को साझा करने को कहा तभी आपका प्रशिक्षण पूरा होगा ।प्रशिक्षण मे पूरे 48 प्रशिक्षणार्थी पास हुए। तीन प्रशिक्षणार्थियों को पहला दूसरा, तीसरा स्थान दिया गया। सहायक सेनानी उदित नारायण ने सभी को जो प्रशिक्षण दिया गया उसके बारे मे विस्तार से बताया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को फोटो फ्रेम, प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया। अंत मे इस अवसर पर संस्था प्रमुख उप महानिरीक्षक ए पी एस निम्बाडिया ने द्वारा सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके स्वर्णिम भविष्य के लिए बधाई दी गई।

## आपत की बारिश्बाढ के बाद अब तैयार फसल पानी से हुई बर्वाद,ऐसे वर्बाद हुआ किसान

**शिवपुरी।**

जिले में एक और तो बाढ से हाहाकार मच गया था। दूसरी और बाढ के बाद भी बारिश यहां थमने का नाम नहीं ले रही। जिसके चलते हालात यह है कि जिले में कई क्षेत्र ऐसे में जहां अतिबृष्ठि से पूरी फसल वर्बाद हो गई है। जिससे किसान अब परेशान हो गए है। यह हालात पूरे जिले में नहीं है बल्कि कोलारस, बदरवास खतौरा, बैराड,पोहरी में है। यहां लगातार बारिश के चलते इल्ली भी किसानों पर मुसीबत बनकर खडी है। इल्ली के प्रकोप से फसल में फल नहीं लग सके है। जिन फसलों में फल लग गए है और वह पक कर तैयार हो गई है वह बारिश के चलते काली पडने लगी है। क्योंकि धूप नहीं खिलने से फसल सुख नहीं पा रही है और खेतों में पानी भरा होने से ना ही कटाई हो पा रही है। हालत यह है कि कई गांवो में खड़ी फसल में अंकुरण होने लगा है। अभी भी पानी की वजह से खेतों में नहीं पहुंच पा रहे हैं।

**इल्ली व कचरे की दवाई ने भी इस बार काम नहीं किया**

लगातार बारिश होने से किसान के द्वारा खेतों में डाली गई कचरे व इल्ली की दवाईयां भी काम नहीं कर रही इस बार किसानों ने कचरे की दवाई दो-दो बार डालने पर कचरा नहीं मरा तथा इल्ली का प्रकोप इतना भयंकर था की चार पांच बार भी ईल्ली मारने की दवाई डालने पर भी इल्लीयां नहीं मरी और कई तरह के मच्छर भी फसल में फालीयो को खा रहे हैं तथा गिरा रहे हैं।

**महंगा बीज होने पर भी किसानों ने बीज बोया था**

पिछले 3 साल से सोयाबीन और उड़द की फसल पानी से प्रभावित हो रही है जिससे किसान अपना बीज भी तैयार नहीं कर पा रही हैं।

## नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में 2 युवकों सहित महिला को 20 साल का कारावास एंव अर्थदंड की सजा

**शिवपुरी।** जिला न्यायालय शिवपुरी की द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सिद्धी मिश्रा ने एक नाबालिग से गैंग रेप करने के मामले में 2 युवको और एक महिला आरोपी का दोषी मानते हुए 20-20 साल का कारावास व 25-25 हजार के अर्थदंड से दंडित किया हैं। इस मामले में अभियोजना की ओर से पैरवी डीपीओ संजीव गुप्ता ने की।अभियोजन के मुताबिक 30 मई 2018 में इंदार थाने में एक पिता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी 16 साल की बेटी का अपहरण हा गया हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पडताल की तो कुछ दिन बाद पुलिस ने किशोरी के साथ दो युवक सोनू कुशवाह व संजय योगी सहित इस घटना में सहयोग करने वाली महिला भारती कुशवाह को गिरफ्तार कर लिया। पीडिता ने बयान दिया कि सोनू व संजय दोनो ने उसके साथ गलत काम किया। जबकि भारती ने इस घटना में दोनों युवको का सहयोग किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ अपहरण व सामूहिक बलात्कार को केस दर्ज कर चालन कोर्ट में पेश किया। न्यायालय ने दोनों पक्षो को सुनन और दोषी सिद्ध होने पर तीनों आरोपियों को 20-20 साल के कारावास व 25-25 हजार रूपए जुर्माने की सजा सुनाई हैं।

## जनहित याचिकाः स्मार्टचिप बनाने वाली कंपनी ने दिया हाईकोर्ट में देरी से जबाब, 25 हजार की कॉस्ट

शिवपुरी।



शिवपुरी के युवा पत्रकार विजय शर्मा ने जनहित याचिका बुधवार को हाइकोर्ट ग्वालियर की युगलपीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए तय समय में जबाब न् देने पर परिवहन विभाग में स्मार्ट कार्ड ओर ऑनलाइन सर्विस देने वाली कंपनी स्मार्टचिप लिमिटेड पर 25000 की कॉस्ट लगाई हाइकोर्ट की युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि अंतिम मौका निकल जाने के बाद कंपनी अपना जबाब ?इल कर रही है। इसके लिए 25000 कॉस्ट जमा करनी होगी जो लीगल एड सेक्शन को दी जाएगी जिसका उपयोग कोर्ट को सेनेटाइज किया जायेगा एवम कोर्ट को संक्रमण से मुक्त करने के लिए अन्य सामग्री को खरीदने में व्यय किया जाएगा। शिवपुरी के युवा पत्रकार विजय शर्मा द्वारा परिवहन विभाग में स्मार्टकार्ड बनाने और ऑनलाइन सेवाएं देने वाली कंपनी के खिलाफ एक जनहित याचिका हाइकोर्ट अधिवक्ता सुनील कुमार जैन के माध्यम से दायर की थी जिसमे विजय शर्मा ने कहा था कि परिवहन विभाग में ऑनलाइन सेवाएं देने स्मार्टचिप लिमिटिड अपनी अनुवंध अवधि पूर्ण होने के बाद भी काम कर रही है एवं ऑनलाइन सेवायों के एवज में जनता से करो?ो रूपये वसूल कर रही है । जो कि गलत है एवं परिवहन विभाग मध्यप्रदेश द्वारा ऑनलाइन सेवायों का कार्य सरकारी संस्था ÷एनआईसी÷ को न् देकर प्राइवेट कंपनी स्मार्टचिप लिमिटेड से कराया जा रहा है जबकि एनआईसी देश के 33 राज्यो में यही सेवाएं मुफ्त में प्रदान कर रही है जानकारी के लिए बता दे कि स्मार्टचिप लिमिटिड परिवहन विभाग में ऑनलाइन सेवायों के लिए जनता से सर्विस चार्ज 74 रुपये प्रति ट्रांजेक्शन वसूल करती हैं। युवा पत्रकार विजय शर्मा की जनहित याचिका पर हाइकोर्ट की युगल पीठ ने मप्र शासन परिवहन विभाग,वित्त विभाग और स्मार्टचिप लिमिटिड को नोटिस जारी कर जबाब मांगा था जिस पर मध्यप्रदेश शासन,परिवहन विभाग ओर वित्त विभाग ने अपना जबाब प्रस्तुत कर दिया था लेकिन स्मार्टचिप लिमिटिड ने अपना जबाब प्रस्तुत नही किया था। जनवरी 2021 को हुई सुनवाई में स्मार्टचिप को जबाब प्रस्तुत करने के लिए अंतिम अवसर दिया गया था उसके बाद भी स्मार्टचिप ने जबाब नही दिया था । सितम्बर 2021 को हुई सुनवाई के दौरान स्मार्टचिप की ओर से जबाब प्रस्तुत किया गया जिसे मान्य करने के लिए हाइकोर्ट की युगलपीठ ने कंपनी पर 25000 की कॉस्ट लगाई हैं।

## शासकीय महाविद्यालय करैरा की भूमि से 3 करोड़ की जमीन से अतिक्रमण हटाया गया

करैरा।

अनुविभागीय अधिकारी करैरा के आदेश के पालन में न्यायालय तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण को चिन्हित किए जाने के लिए 10 सदस्यीय सीमांकन दल गठित किया गया था। सीमांकन दल द्वारा कस्बा करेरा तहसील करैरा स्थित शासकीय महाविद्यालय भूमि सर्वे नंबर 1996, 1997, 2033/3, 2034 पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हांकित किया गया। उसके अनुसार राजू पुत्र विष्णु चरण शर्मा, प्रदीप श्याम कुमार पुत्र राम किशोर गुप्ता, सचिन सोनी पुत्र राम अवतार,देवेंद्र जैन पुत्र ज्ञानचंद जैन, संतोष पुत्र रघुवर जाटव, कोमल पुत्र भैया लाल साहू, आनंद पुत्र रघुनंदन शर्मा, धर्म चंद पुत्र बाबूलाल जैन, बलवीर पुत्र भाव सिंह पाल रामबिलोकी राय पुत्र सिद्धि राय,राजू पुत्र सुरेश खटीक, रामलाल पुत्र सीताराम एवं संजीव श्रीवास्तव पुत्र शिवस्वरूप के अतिक्रमण चिन्हांकित किए गए। प्रशासन की टीम ने नगर पंचायत की जेसीबी मशीन द्वारा अतिक्रमण तोड़े। उक्त अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान अनुविभागीय अधिकारी करैरा अंकुर रवि गुप्ता,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जीडी शर्मा, तहसीलदार एस बैरवा, नगर निरीक्षक अमित सिंह भदोरिया,नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक पटवारी, नगर पंचायत का संपूर्ण अमले की उपस्थिति में अतिक्रमण तोड़ा गया। इससे पहले मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अतिक्रमणकर्ताओं को सूचना पत्र जारी कर अतिक्रमणकर्ताओं से जवाब लिए गए थे। उक्त प्रकरण में न्यायालय तहसीलदार ने आदेशित किया कि कस्बा करेरा शासन की शासकीय महाविद्यालय की बेशकीमती भूमि सर्वे नंबर 1996, 1997, 2033/3,2034 पर अतिक्रमण कर्ताओं द्वारा अतिक्रमण करना एक गंभीर मामला है। जिससे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अन्य नागरिकों के अधिकार भी प्रभावित होते हैं। अतिक्रमण करने वालों पर अर्थदंड आरोपित कर भूमि से बेदखल किए जाने के आदेश किए गए थे। परंतु उक्त अतिक्रमण कर्ताओं द्वारा समय अवधि निकल जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके उपरांत प्रशासन ने आज दल बल के साथ पहुंचकर अतिक्रमण हटाए। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय की बाउंड्री के बाहर लगभग 40 फुट तक शासकीय भूमि निकली है जो लगभग 20000 वर्ग फुट अतिक्रमण फोर लाइन फ्रंट में था। यह भूमि ही लगभग 2 करोड रुपए की थी, जिसे आज पूरी तरह से जमींदोज किया गया। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाये गए स्थान पर फैंसिंग कर जल्दी ही बृक्षारोपण भी किया जाएगा, जिससे शासकीय भूमि हमेशा के लिए सुरक्षित हो सके।



# योजनाओं को धरातल पर गुणवत्तायुक्त उतारने के लिये, अधिकारी जन प्रतिनिधियों से सामन्जस्य स्थापित करे : सांसद

## विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित



भिण्ड । सांसद संध्या राय की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमारसिंह, सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, एसडीएम भिण्ड उदय सिंह सिकरवार, डिप्टी कलेक्टर एवं पीओ डूडा महेश बड़ोले सहित, समिति सदस्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक मे अधिकारियो को निर्देश देते हुए सांसद संध्या राय ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को धरातल परगुणवत्तायुक्त उतारने के लिये अधिकारी जन प्रतिनिधियों से सामन्जस्य स्थापित करे ताकि योजनाओ का लाभ दूर-दराज के व्यक्तियों तक भी पहुंच सके। बैठक में पिछली बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसके अंतर्गत पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों अंतर्गत विभिन्न विभाग जैसे पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा विभाग, स्वास्थ विभाग, पीएचई, विद्युत, नगरीय निकाय आदि द्वारा पूर्ण किये गए कार्यो की जानकारी प्रदान की गई। सांसद श्रीमती संध्या राय एवं विधायक संजीव सिंह कुशवाह द्वारा नाराजगी जाहिर कर कहा कि नगर में सीवर कार्य के पष्चात संवंधित कम्पनी द्वारा रेस्टोरेशन कार्य ठीक से नही किया गया। इसे ठीक करना होगा ऐसे निर्देश उन्होंने बैठक में दिये। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं अंतर्गत लक्ष्य, वर्तमान प्रगति की स्थिति की जानकारी बैठक में प्रदान की गई।

सांसद संध्या राय एवं विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने विभाग अंतर्गत योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक से हो, ओर योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को मिले इस ओर कार्य किया जाए। उन्होंने पीएमजीएसवाय एवं एमपीआरडीसी की समीक्षा के दौरान सड़कों के गुणवत्ता पूर्ण निर्माण पर विशेष ध्यान रखा जाए साथ ही रेस्टोरेशन पर भी ध्यान रहे। जिला पंचायतों अंतर्गत खेल मैदान निर्माण अंतर्गत निर्माण ठीक से गुणवत्ता पूर्ण हो ऐसे निर्देश भी सांसद ने दिए। बैठक में एनआरएलएम, सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय राज्यमार्ग, शहरी विकास अभिकरण, भू-अभिलेख, लोक स्वास्थ यंत्रिकी, ग्रामीण यंत्रिकी, एमजेएस कॉलेज, जल संसाधन, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, स्वास्थ विभाग, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, आईटीआई, आदिम जाति कल्याण आदि विभागों की दिए गये एजेण्डा अनुसार वर्तमान वर्ष हेतु लक्ष्य, वर्तमान प्रगति की समीक्षा की गई।

## भिंड के गौरव यादव रूस और अल्बेनिया में वर्ल्ड रैंकिंग के लिए करेंगे फाइट



भिण्ड। किशोरी पब्लिक स्कूल के छात्र रहे गौरव यादव ताइकांडो में वर्ल्ड रैंकिंग बन टेस्ट कंपटीशन रूस में भारत की ओर से 54 किलोग्राम पुरुष वर्ग में वर्ल्ड रेटिंग सुधार के लिए फाइट करेंगे गौरव मध्य प्रदेश एकमात्र खिलाड़ी है जो वर्ल्ड रैंकिंग टेस्ट दे रहे हैं वर्ल्ड रैंकिंग टेस्ट में भारतीय फेडरेशन उन्हीं खिलाड़ियों को भेजती है जो टॉप मोस्ट खिलाड़ी होते है ज्ञात हो गौरव यादव की ताइकांडो की शुरुआत खेल प्रशिक्षक राधे गोपाल यादव के मार्गदर्शन में स्कूल से ही हुई थी और वही से वह भोपाल खेल एकेडमी में चयनित हो गए उसके बाद चाइना दुबई साउथ अफ्रीका जॉर्डन जैसे देशों में खेल कर भारत का प्रतिनिधित्व किया है और अब वर्ल्ड रैंकिंग एक टेस्ट के लिए पहले रूस में 24 सितम्बर से 27 सितंबर तक और दूसरा वर्ल्ड रैंकिंग टेस्ट 2 अक्टूबर से 4 अक्टूबर तक अल्बेनिया मैं खेलेंगे और उसके बाद भारत वापसी 7 तारीख तक हो जाएगी। इस प्रतियोगिता से मिलने वाले अंको से ओलंपिक और एशियाड जैसे खेलों के अलावा वर्ल्ड की टॉप प्रतियोगिताओं में हिस्सेदारी के लिए रास्ता खुलता है गौरव की इस उपलब्धि के लिए किशोरी स्पोर्ट्स क्लब के सभी सदस्यों के साथ साथ शिक्षक राधे गोपाल यादव क्रीड़ा भारती से प्रमोद गुप्ता, संजय पंकज, जीवन सिंह जादौन, आलोक देपुरिया राहुल मिश्रा, गगन शर्मा, डॉ योगेंद्र यादव के साथ-साथ नगर वासियों ने बधाई दी है।

## मंदिर की दानपेटी खुलने से पहले चोर आए और दानपेटी साफ कर गए





### अष्टधातु की प्रतिमा व भगवान के जेवर बच गए

भिण्ड। मेंहगांव कस्बे में एक जैन मंदिर में चोरों ने दानपेटी का ताला तोडकर दानपेटी को साफ कर दिया। मंदिर के पुजारी ने थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफमामला दर्ज कराया। पुलिस ने चोरी का अपराध पंजीबद्ध करते हुए जांच चोर की पडताल शुरू कर दी। मेंहगांव कस्बे के मौ रोड वार्ड क्र.6 स्थित जैन मंदिर पुजारी सावंत जैन बुधवार की रात करीब नौ बजे मंदिर की पूजा-अर्चना करके मंदिर का ताला बंद करके चले गए। मंदिर के नियमानुसार दानपेटी भादौ मास में साल में एक बार खोली जाती है। दानपेटी से निकलने वाली रकम बैंक खाते में जमा कराई जाती है। यह दानपेटी गुरुवार को मंदिर प्रबंधन कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में खोली जानी थी। सुबह करीब छह से सात बजे के बीच मंदिर की सफाई करने के लिए आने वाली माली आया। यहां मंदिर की सफाई के लिए जैसे ही पहुंचा तो उसे मंदिर के गेट का ताला टूटा दिखा। मंदिर की दानपेटी टूटी दिखी। इस पर उसने पुजारी जैन को सूचना दी। इसके बाद चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका ए वारदात का निरीक्षण किया। आस पास के लोगों से पूछताछ की। मंदिर के पुजारी के मुताबिक पिछले साल मंदिर की दानपेटी में 85 हजार निकले थे।पुजारी ने पुलिस को बताया कि दानपेटी को तोडकर चोर चले गए। मंदिर के अंदर अष्टधातु की प्रतिमा और भगवान के जेवर भी थे। चोरों की नजर से यह बच गए।

## एसआईएस सुरक्षा सैनिक भर्ती मेले का हुआ आयोजन



भिण्ड । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जेके जैन के निर्देषो के पालन में जनपद पंचायत कार्यालय गोहद में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 21 बेरोजगार युवाओं का चयन किया गया। इस भर्ती मेले में लगभग 45 युवाओं ने भाग लिया। जिसमे शारीरिक मापदण्ड बगेरह में दक्ष पाये जाने पर चयनित 21 बेरोजगार युवाओं को रिजनल ट्रेनिग एकेडमी, देहरादून बुलाया गया है, जहां उन्हें चयनित युवाओं को एक माह का आवासीय प्रशिक्षण देकर 65 वर्ष स्थाई नौकरी के साथ बडे औद्योगिक क्षेत्रों में पदस्थापित किया जाएगा। इसी तरह भर्ती मेले का आयोजन 24 सितम्बर 202 को जनपद पंचायत कार्यालय लहार में किया जाएगा। भर्ती अधिकारी रजनीष सिंह ने बताया कि जो शिक्षित बेरोजगार युवा जिनकी लम्बाई 168 सेमी0, वजन 56 से 95 किग्रा के बीच में हो, तथा हाईस्कूल पास व उम्र 21 से 37 वर्ष अवधि मे हो,वे बेरोजगार युवा हाईस्कूल व आधार कार्ड की फोटोकॉपी एक फोटो व केवल चयनित अभ्यर्थियों के लिए 350/- रूपये प्रास्पेक्टस शुल्क का पैसा देना है। इन युवाओ को पक्षिणोपरान्त पीएफ, पेंशन मेडिकल की सुविधा, 185 देहरादून में दो बच्चो को मुफ्त शिक्षा, ग्रेच्युटी जैसी अनेक सुविधाये देय होगी। अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी के मोबाईल नम्बर 8948660403-पर संपर्क कर सकते है।

## केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया का ग्वालियर में जोरदार स्वागत

### सिंधिया के स्वागत के लिए भिण्ड से पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता



भिण्ड। मोदी सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सिंधिया के ग्वालियर प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह जगह जोरदार स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री सिंधिया के इस ऐतिहासिक स्वागत में धौलपुर चम्बल पुल से ही राष्ट्रीय राजमार्ग होर्डिंग बैनरों से पटा हुआ था, सड़क पर सैंकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता नेता के स्वागत के लिए वाहन के साथ दौड़ते हुए चल रहे थे पीछे पीछे काफिले के वाहन रेंग रहे थे।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया के स्वागत के लिए ग्वालियर-चम्बल अंचल के सभी क्षेत्रों के कार्यकर्ता उनका देखने पहुंचे। भिण्ड से भी भाजपा नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने मुरैना रोड पर पुष्प वर्षा कर अपने जननायक केंद्रीय मंत्री सिंधिया का अभूतपूर्व स्वागत किया गया, इस अवसर पर डॉ दुबे ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया को पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर रामदास सोनी, शिवप्रताप सिंह,राहुल भारद्वाज, विकास शर्मा, अमित जैन, शेरू पचौरी,कुलदीप सिंह राजावत, दिलीप बौहरे, उदयवीर सिंह, शंकर शर्मा, राधामोहन चौबे, नरसी प्रसाद शर्मा, प्रवीण चौधरी,अजय द्विवेदी, ब्रजेश यादव,शुभम शर्मा, धर्मेंद्र खटीक, शत्रुघ्न यादव,पवन शर्मा, गुड्डु दीक्षित, लोकेंद्र भदौरिया,राहुल श्रीवास, कोक सिंह कुशवाह, भूरे गुबरेले, उदय सिंह यादव, वीरेंद्र शर्मा ,भीम खटीक,कुलदीप सिंह, शकील खान,बलवीर प्रजापति, अतुल जाटव सहित सैंकड़ो भाजपा कार्यकर्ता साथ चल रहे थे।

## सर्वहारा वर्ग के नेता है अजय सिंह : ईरशाद



भिण्ड। मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया का जन्मदिन कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ईरशाद अहमद के नेतृत्व में आज ऊषा कालोनी में केक काटकर एवं मिठाई खिलाकर मनाया गया। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ईरशाद अहमद ने कहा अजय सिंह राहुल भैया सर्वहारा वर्ग के नेता है, उन्होंने पूरे मध्यप्रदेश में हर वर्ग की आवाज को विधानसभा में मजबूत किया। साथ कांग्रेस के हर छोटे बड़े कार्यकर्ता को सम्मान देने वाले नेता है। इस अवसर पर अनिल भारद्वाज,नयन सिंह कुशवाह, रानू भदोरिया, यतेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, भागीरथ सिंह कुशवाह, नसीर खान बल्लू, सत्य प्रकाश गोयल एडवोकेट, हनीफ खान, सतीश, शाहिद खान, प्रदीप श्रीवास्तव, लक्ष्मण राजपाली आदि लोग सम्मिलित हुए।

## एक घण्टे में पकड़ा ट्रैक्टर चोर



भिण्ड। अपराधों की रोकथाम एंव संलिप्त अपराधियों के धरपकड अभियान के दौरान 03 सितम्बर 21 को थाना प्रभारी थाना देहात निरी रामबाबू सिंह यादव के नेतृत्व में दिनांक 23 सितम्बर 21 के रात्रि 12:15 बजे थाने पर सूचना प्राप्त हुयी कि अभी कुछ देर पहले सीतानगर से ट्रैक्टर क्र. एमपी 30 एए 4899 स्वराज 735 एफ ई. मयः ट्राली कीमती 05 लाख रूपये का घर से बाहर से एक व्यक्ति काले कपड़े पहने हुये है चोरी कर ले जा रहा है। सूचना पर तुरन्त सक्रियता दिखाते हुये थाने पर उपस्थित फोर्स को ट्रैक्टर व चोर की पतारसी हेतु टीमें गठित कर रवाना की गयी एक टीम के द्वारा लावन नहर पर चेकिंग लगाई गयी तथा दूसरी टीम को भारौली तिराहे पर चेकिंग पर लगाया गया। तभी सुभाष तिराह तरफ से एक ट्रैक्टर तेजी से चलाता हुआ लाईट बन्द करके आ रहा था तथा उसके पीछे फरियादी भी उक्त ट्रैक्टर का पीछा करता हुआ। जखमौली फार्म हाउस के पास पहुंच गया दोनो तरफ से ट्रैक्टर को रोक लिया तो टोर्च के उजाले से देखा कि एक व्यक्ति जो कि काले रंग के कपड़े पहने था ट्रैक्टर को छोड़कर कूदकर भागने लगा जिसको पुलिस द्वारा घेर कर पकड़ा उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रामवीर उर्फ रामू सिकरवार पुत्र शिवनाथ सिकरवार उम्र 26 निवासी ग्राम छीमका थाना गोहद चौराह का होना बताया।

## विधिक जागरूकता से संबंधित विभिन्न हॉर्डिंग्स एवं बैनरों को पोस्ट ऑफिस में प्रतिस्थापित किये जाने के कार्यक्रम सम्पन्न



भिण्ड । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक व्यक्ति तक न्याय की पहुंच के उद्देष्य को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग के माध्यम से समाज के दुर्बलतम वर्ग तक न्याय पहुंचाने के उद्देष्य से राष्ट्रीय स्तर पर अभियान प्रारंभ किया गया है। जिसके तारतम्य में म0प्र0 उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मोहम्मद रफीक एवं एक्सक्यूटिव चैयरमेन म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर प्रकश श्रीवास्तव द्वारा विधिक जागरूकता से संबंधित विभिन्न हॉर्डिंग्स एवं बैनरों को पोस्ट ऑफिस में प्रतिस्थापित किये जाने के कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया तदुपरान्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश अक्षय कुमार द्विवेदी के नेत्त्व में प्रधान डाकघर भिण्ड में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने वाले हॉर्डिंग्स एवं बैनर जिला डाकघर में स्थापित किये गये। इस अवसर पर सुनील दण्डौतिया जिला न्यायाधीष/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड के साथ में समरेश सिंह पंचम जिला न्यायाधीश भिण्ड, अनुराग शर्मा न्यायिक मजिस्टेऊट प्रथम श्रेणी भिण्ड, अरूण शर्मा सहायक संचालक जनसंपर्क, पैनल अधिवक्तागण लालजी अरेले, रामवीर सिंह भदौरिया, सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, मुन्ना सिंह कुशवाह, अनीता चौधरी, सुश्री प्रियंका शर्मा एड0 भिण्ड एवं प्रधान पोस्ट ऑफिस भिण्ड के अधिकारीगण/कर्मचारीगण एवं पत्रकार बंधु आदि भी उपस्थित रहे। इसी क्रम में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देष पर संपूर्ण भिण्ड शहर संपूर्ण प्रदेष में स्वतंत्रता के 75वे वर्ष के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बृहद स्तर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाकर निर्धन हितग्राहियों की विधिक समस्याओं को सुलझाया जायेगा। उपरोक्त कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किये जाने के लिए आज दिनांक को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड द्वारा पुलिस प्रषासन के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किये जाने के संबंध में रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर सुनील दण्डौतिया जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड, प्रवीण फुलपगारे ए.डी.एम. भिण्ड, कमलेश कुमार खरपूरे अति. पुलिस अधीक्षक भिण्ड, नितिन दुबे पी0ओ0 जिला पंचायत भिण्ड एवं राकेश खरे डी.सी.एस.बी.एम. जिला पंचायत मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## बच्चों का टीका

कोरोना की तीसरी लहर की आहट के बीच देश में 12-18 साल के बच्चों का वैक्सीनेशन अगले महीने शुरू हो जाएगा। कैडिला हेल्थकेयर अगले महीने बच्चों की वैक्सीन जायकोव-डी लॉन्च कर देगी। इसके इमरजेंसी यूज के लिए ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने पिछले महीने मंजूरी दे दी थी। जायडस कैडिला अक्टूबर से हर महीने एक करोड़ डोज बनाना शुरू कर देगी। दूसरी तरफ भारत बायोटेक भी बच्चों पर कोवैक्सिन का तीसरे फेज का ट्रायल पूरा कर चुकी है। कंपनी ने कहा है कि वह अगले हफ्ते थर्ड फेज के डेटा डीजीसीआई को सौंप देगी। अभी थर्ड फेज के डेटा का एनालिसिस किया जा रहा है। वहीं सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया भी 2 से 12 साल की उम्र के बच्चों पर कोवावैक्स का दूसरे-तीसरे फेज का ट्रायल कर रही है। कोविड-19 वैक्सीनेशन पर सरकार को सलाह देने वाली कमेटी ने पिछले महीने राय दी थी कि शुरुआत में 12 साल से ज्यादा उम्र के उन बच्चों का वैक्सीनेशन किया जाए, जिन्हें गंभीर बीमारियां हैं। कमेटी का कहना था कि देश में 40 करोड़ बच्चे हैं और सभी का वैक्सीनेशन शुरू किया जाता है तो पहले से चल रहे 18+ के वैक्सीनेशन पर असर पड़ेगा। कमेटी के चेयरमैन एनके अरोड़ा ने कहा था कि पूरी तरह से स्वस्थ बच्चों को वैक्सीनेशन के लिए अभी इंतजार करना होगा। कमेटी की सलाह के मुताबिक पहले उन बच्चों का वैक्सीनेशन किया जाएगा जो किडनी ट्रांसप्लांट, जन्म से कैंसर या हार्ट संबंधी बीमारी के शिकार हैं। दूसरी लहर में जैसी तबाही हुई, उसका सबक यही है कि पूरी आबादी को टीका जल्द से जल्द लग जाए। इस बात पर लगातार गौर करने की जरूरत है कि दूसरी लहर में रोजाना संक्रमण और मौतों के आंकड़ों ने सारे रिकार्ड तोड़ डाले। महामारी का खतरा अभी जस का तस है। फिलहाल बस संक्रमण की दर ही घटी है। दूसरी लहर में भी बच्चों के काफी मामले देखने को मिले। लेकिन गंभीर स्थिति वाले मामलों की संख्या कम रही। फिर, देशी-विदेशी विशेषज्ञों ने यह कह कर चिंता बढ़ा दी कि अक्टूबर-नवंबर तक तीसरी लहर भी आ सकती है। और यह बच्चों के लिए खतरनाक होगी। जाहिर है, बच्चों को बचाना अब पहली प्राथमिकता हो गई है। इसलिए ज्यादातर राज्यों ने अभी से ऐसे इंतजाम शुरू कर दिए हैं कि अगर तीसरी लहर में बच्चे संक्रमण की चपेट में आते हैं तो उन्हें तत्काल इलाज मिल सके। बच्चों का मामला ज्यादा ही संवेदनशील है। दो से छह साल तक के बच्चे तो अपनी तकलीफ बयां भी नहीं कर पाते। परीक्षणों और इलाज की जटिल प्रक्रियाओं के दौर से गुजरना बच्चों के लिए कितना पीड़ादायक होता होगा, यह कल्पना से परे है। बच्चों पर महामारी का खतरा इसलिए भी बना हुआ है कि अगर घर में किसी एक या उससे ज्यादा सदस्य संक्रमण से ग्रस्त हो जाएं तो बच्चों को इसकी जद में आते देर नहीं लगती। दूसरी लहर में ऐसे मामले देखे भी गए। जाहिर है, अगर बच्चों को टीका लगा होगा तो काफी हद तक बचाव रहेगा। कोरोना के फिर से बढ़ते मामलों ने नींद उड़ा दी है। सबसे ज्यादा परेशान करने वाली बात तो यह है कि महामारी से निपटने में जिस केरल राज्य को एक मॉडल के रूप में देखा जा रहा था, वहीं आज हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। पिछले कुछ दिनों से केरल में संक्रमण के रोजाना तीस हजार से ज्यादा मामले मिलना गंभीर स्थिति का संकेत है। इससे तो लग रहा है कि राज्य में महामारी ने फिर से पैर पसार लिए हैं। हालांकि महाराष्ट्र, मिजोरम, तमिलनाडु, कर्नाटक जैसे राज्यों में भी स्थिति कोई अच्छी नहीं है। महाराष्ट्र में तो रोजाना संक्रमितों की संख्या पांच हजार के आसपास चल रही है।

# पंजाब में जो हुआ तय था, आगे क्या होगा अनिश्चित है?

**ऋतुपर्ण दवे**

पंजाब में लंबे समय से सब कुछ ठीक नहीं चल रहा था। सच तो यह है कि काँग्रेस में ही कुछ भी ठीक दिख नहीं रहा है। कभी राजस्थान तो कभी छत्तीसगढ़ में दिखने वाले विरोध के स्वर धीमें भी नहीं पड़ते हैं कि पंजाब का उफान जब-तब सामने आ जाता है। आज तो एकाएक राजनीतिक विस्फोट सा हो गया। अभी पंजाब जरूर चर्चाओं में है लेकिन इस घटनाक्रम के पहले थोड़ा पीछे जाना होगा। मध्यप्रदेश की भी चर्चा जरूरी है। वहाँ भी हाथ आई सत्ता अंर्तकलह का शिकार गई। न केवल कमलनाथ सरकार के मंत्रियों ने साथ छोड़ा बल्कि कई वरिष्ठ विधायकों ने भी साथ छोड़ दिया था। 2 विधायकों के निधन से और बाँकी में इस्तीफों से खाली कुल 28 सीटों पर 11 नवंबर 2019 को आए उपचुनावों के नतीजों में भाजपा ने 19 सीटों पर अपना कब्जा जमाया और काँग्रेस महज 9 सीट ही जीत बैकफुट पर आ गई। मप्र में सत्ता खो चुकी कांग्रेस ने कर्जमाफी के साथ राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए विधायकों की सौदेबाजी को मुख्य मुद्दा बनाया था जो काम नहीं आया। मध्यप्रदेश में फिर भाजपा काबिज हुई और शिवराज सिंह चौहान चौथी बार मुख्यमंत्री बने।

पंजाब की स्थिति थोड़ी अलग है। यहाँ पर भाजपा और शिरोमणि अकाली दल का 20 साल पुराना गठबन्धन ठीक एक साल पहले 17 सितंबर 2020 को केन्द्रीय कृषि मंत्री हरसिमरत कौर बादल के इस्तीफे के बाद टूट गया। ऐसे में तमाम नए समीकरणों के कयास जरूर लगाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में पंजाब के हालिया हालातों पर लोगों के अपने-अपने अनुमान हैं। लेकिन काँग्रेस के दिग्गजों के ट्वीट वार को नजर अंदाज भी तो नहीं किया जा सकता। पंजाब काँग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ का ट्वीट जिसमें सभी तरह की दिक्कतें खत्म होने का भरोसा जताया गया है। साफ है पंजाब में काँग्रेस गुटों में बंटी हुई है। पंजाब को लेकर शशि थरूर का ट्वीट भी काफी कुछ कहता है। अभी हालात कुछ भी हो लेकिन 2017 के विधानसभा चुनाव में कैप्टन अमरिंदर सिंह की अगुवाई में कांग्रेस ने पंजाब में कुल 117 सीटों में से 77 सीटों पर जीत हासिल कर सत्ता में 10 साल बाद वापसी की थी। पंजाब में कांग्रेस ने वापसी कर जो कामियाबी हासिल की उसमें अमरिंदर सिंह ही भाजपा के विजय रथ को रोकने वाले नेताओं में शुमार थे। लेकिन पंजाब काँग्रेस में सत्ता और संगठन दोनों में ही विरोध की चिंगारी सुलगती रही। कैप्टेन के लाख न चाहने के बाद नवजोत सिंह सिध्दू का प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाना राजनीति के नब्ज को टटोलने वालों के लिए कुछ और ही इशारा कर रहा था। जाहिर है चिंगारी अन्दर ही अन्दर ज्वाला बनती गई जिसको रोकने या बुझाने में काँग्रेस आलाकमान पूरी तरह विफल रहा और नतीजा आज के हालात के रूप में हैं।

पंजाब के आज के घटनाक्रम के बाद यह तो साफ समझ आ रहा है कि काँग्रेस में शीर्ष स्तर पर भी धड़ेबाजी साफ दिख रही है। सुनील जाखड़ का एक बयान राजनीतिक गलियारे में बेहद चर्चाओं में है जिसमें उनका कहना 'पंजाब कांग्रेस में जटिल हो रही समस्या के बीच राहुल गांधी के रवैये की प्रशंसा करता हूं। आश्चर्यजनक रूप से पार्टी नेतृत्व की तरफ से लिए गए फैसले से पंजाब कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जोश आया है और साथ ही अकाली दल को भी स्पष्ट संदेश गया है।% साफ है पार्टी शुरू से ही बंटी हुई थी और ऐसा नहीं होता तो 10 जून 2019 का लिखा सिध्दू का इस्तीफा 14 जुलाई 2019 को ट्वीट क्यों किया जाता। 16 मार्च 2017 को कैप्टेन अमरिन्दर सिंह के मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद तीसरे क्रम पर शपथ लेने वाले सिध्दू महज दो बरस में इतने बगावती कैसे हो गए? जबकि वह तेरह साल तक भारतीय जनता पार्टी में रहने के बाद साल 2017 में ही काँग्रेस में आए थे। लेकिन बहुत ही जल्दी राजनीतिक वनवास जैसे हालातों का सामना करने लगे। एक बार तो यह भी लगने लगा था कि सिध्दू फिर उसी तिराहे पर खड़े दिख रहे हैं जहाँ से एक तरफ काँग्रेस, दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी और तीसरी ओर भाजपा थी। लेकिन यह सब कयास ही रह



गए। इस बार बाजी सिध्दू के पक्ष में जाती दिख रही है। वह मुख्यमंत्री बनेंगे या नहीं यह तो वक्त बताएगा लेकिन उनके पक्ष में हाईकमान विशेषकर राहुल-प्रियंका के विश्वास पात्र होने का ईनाम मिलते ही कैप्टेन अमरिन्दर सिंह के भविष्य पर अनिश्चितता जरूर दिखने लगी थी जो आज सच साबित हुई।

इतना तो तय है कि सोनिया गाँधी से बात कर नाराजगी जताने के बाद अमरिन्दर सिंह चुप बैठने वालों में नहीं है। काँग्रेस आलाकमान के तमाम सुलह के प्रयासों के बाद भी सुलझ न पाना बताता है कि खुद काँग्रेस के अन्दर भी अभी काफी कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पंजाब में कल मुख्यमंत्री कौन होगा यह अहम नहीं है, अहम यह है कि संगठनात्मक तरीके से कौन कितना अनुशासित रह पाएगा। वैसे भी पंजाब की राजनीति की तासीर देश में अलग ही तरह की है। जिस तरह पहले सिध्दू और भाजपा का 13 साल पुराना साथ छूटा, फिर 20 साल पुराने शिरोमणि अकाली दल और भाजपा का गठबन्धन टूटा और अब राजीव गाँधी के स्कूल के दौर से दोस्त रहे अमरिन्दर सिंह का काँग्रेस से दोबारा बगावत यह बताती है पंजाबी सियासत में उठापटक नई नहीं है। 41 साल के अपने राजनीतिक सफर में कैप्टन कई मुश्किल दौर से गुजर चुके हैं। कई पार्टी अध्यक्षों से कैप्टन का पंगा ही रहा है। इन सबके बाद भी पार्टी आलाकमान का कैप्टन पर ही विश्वास बना रहा जिसे उन्होंने2002 और 2017 दिखाया भी। पंजाब काँग्रेस की धुरी माने जाने वाले कैप्टेन 1980 में राजीव गाँधी के द्वारा काँग्रेस में लाए गए थे और उसी साल पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा और जीता। 1984 में मतभेदों के चलते उन्होंने केवल 4 साल में संसद और काँग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। 1985 में शिरोमणि अकाली दल में शामिल हुए, विधान सभा चुनाव जीते और सुरजीत सिंह बरनाला का सरकार में मंत्री बने। 1987 में बरनाला सरकार के आतंकवाद के दौर में बर्खास्त होने के बाद 1992 में वो फिर अलग हुए और अकाली दल (पंथिक) का गठन किया। 1998 में इसका काँग्रेस में विलय हुआ और पंजाब काँग्रेस की कमान सम्हाली। 2002 में काँग्रेस की फिर पंजाब में सत्ता वापसी हुई जो 2007 रही। 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने अमृतसर से भाजपा नेता अरुण जेटली को एक लाख से अधिक वोटों से हराया। इसके बाद कांग्रेस ने कैप्टन को लोकसभा में पार्टी के संसदीय दल का उपनेता नियुक्त किया, लेकिन अमरिंदर का मन पंजाब में ही रहा। अंततः आलाकमान ने 2017 में फिर उन्हीं पर दांव खेला और बाजी अपने पक्ष में कर ली। माना जा रहा है कि दिल्ली में कैप्टेन अमरिन्दर की कमजोर पैरवी के चलते उनका रसूख घटता गया। उनके मजबूती साथी और सोनिया गाँधी के राजनीतिक सलाहकार अहमद पटेल और मौतीलाल वोरा के निधन के बाद से दिल्ली में उनकी लॉबिंग करने वाला कोई नहीं था। बस यहीं से पंजाब के नए चेहरों को एँट्री मिली। राजनीति में कब कौन सा समीकरण बदल जाए कोई नहीं जानता। लेकिन काँग्रेस के हाथ पंजाब में मजबूत होंगे या कमजोर यह बड़ा, अबूझ और भविष्य की गर्त में छुपा सवाल है। इस कड़े फैसले को गुजरात से जोड़कर देखना भी काँग्रेस के लिए भूल होगी। लेकिन बड़ा सवाल यह है जो सोचना ही होगा कि पंजाब में काँग्रेस संगठन में बदलाव के साथ सत्ता में बदलाव जरूरी लगता है तो क्या पूरे देश में लोगों यह नहीं लगता होगा? वाकई नए दौर में काँग्रेस को जोखिम भरे फैसले लेते देखना कितना फायदेमंद होगा नहीं पता पर इतना जरूर पता है कि 65 प्रतिशत आबादी वाली नई पीढ़ी नए चेहरों को पढ़ना, देखना, समझना जरूर चाहती है।

## मौन का तन मन की सुन्दरता के लिये महत्व

प्रत्येक मनुष्य सुन्दर एवं स्वस्थ्य रहना चाहता है। सुन्दरता एवं स्वस्थ्य का राज मौन मै छिपा हुआ है। सामान्यतः चुप रहना मौन है, प्राचीन पुराण बचन के साथ ईष्या, डाह, छल, कपट और हिन्सा को कम करना मोन होता है। मनोवैज्ञानिक 'फ्रायड' का कहना है कि जीवन अन्तर्द्वद्वी श्रृंखलाओं से मिल कर बना है। अन्तर्द्वद्व दो या दो से अधिक विरोधी इच्छाओं का एक साथ उत्पन्न होना है। ये असीम इच्छायें पूर्ण न होने पर तनाव नामक बीमारी देती है। जिससे आज के अधिकांस व्यक्ती ग्रासित है। अन्तर्द्वद्व में फंसे व्यक्ति की स्थिति कई विपरीत दिशाओं से आने वाली नदियों के पानी के साथ मिलने से भँवर बनती है कि जैसी हो जाती है। भँवर में फसे व्यक्ति को न बैठे शांति मिलती है न लेटे, न भूख लगती है, न प्यास, न ही ध्यान अध्ययन में मन लगता है। याददास्त क्षमता कम हो जाती है। हार्ट अटेक, आत्म हत्या भी इसी कारण करते हैं। हर मनुष्य अन्नत शक्तिमान है। यह शक्ति मन एवं पाचों इन्द्रियों के कार्यो में खर्च होती है। मन एवं इन्द्रियों को बस मे करने का कार्य 'मौन' करता है। मौन रहने से मनुष्य के अन्दर की छुपी हुई शक्ति उदय हो जाती है। आज के कल युग में इनद्रिय विषय-भोगों की सामग्री में वहुत वृद्धि हूई है जिसे अपनाने पर इक्छा शक्ति में अधिक बृद्धि हो रही है। जो टेन्सन को जन्म देती है। अतः आज टेन्सन बड़ी बीमारी हो गई है। जो भी व्यक्ति अधिक बोलते है उनके मुख में रहने वाला पाचक रस सूख जाता है। मानसिक सन्तुलन खो जाता है, ह्रदय गति तेज हो जाती है। मान इन सब परेशानियों से बचने की राम वाण औषधी है। दिन में एक घण्टा मौन रहने पर दो घण्टे की कार्य क्षमता में बृद्धि होती है।

# तालिबानों पर जब अफ़ग़ानी नागरिकों को भरोसा नहीं तो दुनिया भरोसा कैसे करे ?

**तनवीर जाफ़री**

इस्लामी शरीया क़ानून वैसे तो सऊदी अरब सहित दुनिया के और भी अनेक देशों में लागू है। ऐसे लगभग सभी देशों से भारत व दुनिया के अन्य देशों के बेहतर रिश्ते यहाँ तक कि उनसे व्यवसायिक रिश्ते भी हैं। उन देशों के धर्म व शरीया क़ानूनों की स्वीकार्यता के चलते दुनिया ऐसे किसी देश पर न तो कोई आपत्ति जताती है न ही उनके आपसी संबंधों पर कोई फ़र्क़ पड़ता है। परन्तु तालिबान,उनकी तर्ज़-ए-सियासत,उनके द्वारा इस्लामी शरीया क़ानूनों का हिमायती बनने का ढोंग,और शरीया के ही नाम पर दर्शाई जा रही क्रूरता,इस्लाम के नाम पर दुनिया के मुस्लिम देशों से समर्थन जुटाए जाने के लिये अपनाया जाने वाला दोहरापन, अफ़ग़ानिस्तान में ही महिलाओं सहित एक बड़े शांतिप्रिय व प्रगतिशील वर्ग द्वारा किया जा रहा उनका विरोध और यहाँ तक कि स्वयं कट्टरपंथी तालिबानी सर्वोच्च नेताओं के मध्य सत्ता की खींच तान को लेकर काबुल के राष्ट्रपति भवन में कथित तौर पर हुई मार-पीट तथा उनसे सहमति न रखने वालों,महिलाओं व पत्रकारों पर ढहाये जाने वाले ज़ुल्म इस बात के पुख़्ता सुबूत हैं कि उपद्रवी, अतिवादी, पूर्वाग्रही तथा कट्टरपंथी सोच रखने वाले यह लोग कम से कम अफ़ग़ानिस्तान पर शासन करने योग्य तो हरगिज़ नहीं हैं। तालिबानों द्वारा विगत 15 अगस्त को दहशत फैलाकर व हथियारों के बल पर काबुल के सत्ता केंद्र पर क़ब्ज़ा जमाया गया और उनकी दहशत के चलते ही किसी बड़ी अनहोनी को टालने की ग़रज़ से राष्ट्रपति अशरफ़ ग़नी को आनन फ़ानन में देश छोड़कर भागना भी पड़ा। राष्ट्रपति ग़नी के अनुसार यदि वे देश छोड़कर न भागते तो ख़ूनी हिंसा हो सकती थी इसी को टालने के लिये वे काबुल छोड़ कर भाग निकले। ज़ाहिर है जिस संभावित ख़ूनी हिंसा का वे ज़िक्र कर रहे थे उसकी पूरी संभावना तालिबानी लड़ाकों की तरफ़ से ही थी। कोई भी सभ्य समाज इसे न तो सत्ता परिवर्तन मान सकता है न ही इसे जनभागीदारी की सरकार कहा जा सकता है। ख़ासकर तब जबकि दुनिया के %मोस्ट वांटेड% आतंकी सत्ता पर क़ाबिज़ हों।



हालांकि तालिबानियों द्वारा इसे आज़ादी के तौर पर पेश किया जा रहा है। जबकि इसमें आज़ादी जैसा कोई मसअला था ही नहीं। फ़रवरी 2020 में अफ़ग़ानिस्तान में हुए चुनावों में राष्ट्रपति अशरफ़ ग़नी लगभग 51 प्रतिशत मत प्राप्त कर अफ़ग़ानी जनता द्वारा दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए थे। यानी वहां अफ़ग़ानी जनता द्वारा निर्वाचित सरकार ही कार्यरत थी और उसी की देखरेख में अफ़ग़ानिस्तान में अनेक विकास परियोजनायें चल रही थीं। रहा सवाल अमेरिकी फ़ौजों की अफ़ग़ानिस्तान से वापसी का तो इसमें भी तालिबानों की सशस्त्र मुहिम की कोई भूमिका नहीं थी। क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सत्ता में आते ही स्वयं 31 अगस्त 2021 तक सभी अमेरिकी सैनिकों के अफ़ग़ानिस्तान छोड़ देने की समय सीमा निर्धारित कर दी थी। लिहाज़ा तालिबानों द्वारा आज़ादी हासिल करने जैसा प्रोपेगंडा करना दुनिया की आँखों में धूल झोंकने जैसा ही है।

तालिबानी नेता यह भी भली भांति जानते हैं कि यदि वे चुनाव के रास्ते से अफ़ग़ानिस्तान की सत्ता हासिल करना चाहें तो यह उनके लिए टेढ़ी खीर साबित होगी। क्योंकि वहां की शांतिप्रिय आम जनता ख़ासकर उदारवादी वर्ग व महिलायें तालिबानियों के वहशीपन तथा धर्म के नाम पर अपनाई जाने वाली अधर्मिता,उनके क्रूर बर्ताव तथा संकीर्ण मानसिकता से बख़ूबी वाक़िफ़ है। अफ़ग़ानिस्तान से आने वाली तस्वीरों में जिस तरह मंहगे से मंहगे व अति आधुनिक हथियारों से लैस तालिबानी लड़ाके राष्ट्रपति भवन से लेकर वहां की सड़कों तक जिस अंदाज़ में घूमते दिखाई देते हैं उसे देखकर तो यह समझना ही मुश्किल है कि कौन तालिबानी लड़ाका है तो कौन सुरक्षा कर्मी। ज़ाहिर है इसतरह की तस्वीर किसी अराजक व असभ्य देश की ही हो सकती है। एक मशहूर कहावत है लुच्चे सबसे ऊँचे ,इसी कहावत के तहत आज हाथों में हथियार धारण कर तथा शरीया क़ानून लागू करने का भय फैलाकर तालिबानों ने दुनिया को यह दिखने का प्रयास किया है कि वे ही देश की आवाज़ हैं और पूरा देश उनके साथ है।

# ओजोन परत संरक्षण के लिए अनिवार्य प्रकृति तादात्म्यता

### सूडोकु नवताल-5842

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -5841 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**राकेश कुमार वर्मा**

परमाणु विलय की प्रक्रिया द्वारा सूर्य अपने केंद्र से जो ऊर्जा उत्पन्न करता है उसका छोटा सा भाग ही पृथ्वी पर पहुँचता है। जिसमें से 15 प्रतिशत अंतरिक्ष में परावर्तित हो जाता है, 30 प्रतिशत पानी को भाप बनाने में काम आता है और बहुत सी ऊर्जा पेड़-पौधे समुद्र सोख लेते हैं। इसी प्रकाशीय ऊर्जा से प्रकाश-संश्लेषण नामक एक महत्वपूर्ण जैव-रासायनिक अभिक्रिया होती है जो पृथ्वी पर जीवन का आधार है। यह पृथ्वी के जलवायु और मौसम को नियंत्रित करता है। सूर्य से आने वाली अल्ट्रावायलेट किरणों की वजह से ओजोन परत का निर्माण होता है। हैं। पृथ्वी के वायुमंडल में ओजोन ही वह तत्व है जो कि अल्ट्रावायलेट किरणों को अवशोषित कर रहा है, अतएव यह हमारा सुरक्षा कवच है। प्रकृति से तादात्म्य के अभाव, कारखानों से निकलने वाले खतरनाक रसायन सहित हमारी अंधाधुंध शोषणकारी प्रवृत्तियों के चलते सुरक्षा कवच कही जाने वाली ओजोन परत आज खतरे में है, जिसके प्रति जागरुकता को लेकर प्रतिवर्ष 16 सितंबर को हम ओजोन दिवस मनाते हैं।

पृथ्वी की सतह से करीब 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर ओजोन गैस की एक पतली परत पाई जाती है, जिसे ओजोन लेयर कहते हैं। ओजोन परत एक रंगहीन गैस का स्तर है जो मुख्य रूप से पृथ्वी के समतापमंडल में पाई जाती है, जो सूर्य और धरती के बीच एक सुरक्षात्मक परत बनाती है और सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों को



अवशोषित करती है। ओजोन लेयर के बिगड़ने से जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा मिलता है। जलवायु परिवर्तन से बढ़ते तापमान के कारण बढ़ी हुई पराबैगनी किरणें आर्कटिक क्षेत्र में मौजूद ग्लेशियर को तीव्र गति से पिघलने का कारक बनती हैं। परिणामतः समुद्री जलस्तर वृद्धि और समुद्र के प्रकाश क्षेत्र में कमी सहित त्वचा कैंसर, वनस्पति जगत क्षति जैसे दुष्परिणाम हमारे सामने हैं। ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वेक्षण वैज्ञानिक फरमान, गर्दिनेर और शंक्लिन द्वारा वर्ष 1985 में प्रकाशित ओजोन छिद्र की खोज हमारे लिए एक आघात थी। मानव निर्मित रासायनिक यौगिक, जिसे क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) कहा जाता है, स्ट्रैटोस्फियर में ओजोन की सांद्रता में कमी का कारण बना था। इसके बाद साल 1987 में सीएफसी के उत्पादन और खपत की जांच के लिए मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल को अपनाया गया, जिसके तहत प्रतिकूल रासायनिक यौगिक को प्रतिबंधित कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि क्लोरोफ्लोरोकार्बन का इस्तेमाल एअरोसोल स्प्रे, फोम, सॉल्वेंट और रेफ्रिजरेंट्स बनाने में होता है।

क्लोरोफ्लोरो कार्बन को थॉमस मिद्गले के द्वारा 1920 के दशक में खोजा गया। 1980 के दशक के पहले इनका इस्तेमाल वातानुकूलन इकाइयों, एयरोसोल स्प्रे प्रोपेलेंट के रूप में और नाजुक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सफाई में किया जाता था। ये कुछ रासायनिक प्रक्रियाओं के उप-उत्पादों के रूप में भी प्रकट होते हैं। वैज्ञानिक विश्लेषण बताते हैं कि भूमि की सतह से क्लोरोफ्लोरो कार्बन को ऊपरी वायुमंडल में पहुँचने में औसतन 15 साल लग जाते हैं, जहाॅ यह लगभग एक सदी के लिए रह सकता है, इस अवधि के दौरान यह एक सौ हजार ओजोन अणुओं को नष्ट कर सकता है। 70 के दशक के बाद से पृथ्वी के समतापमंडल में ओजोन की कुल मात्रा में प्रति दशक लगभग चार प्रतिशत की धीमी लेकिन स्थिर कमी आ रही है । समतापमंडल में ओजोन की कुल मात्रा का निर्धारण प्रकाश रसायनिक उत्पादन और पुनर्संयोजन के बीच एक संतुलन के द्वारा होता है। इस प्रक्रिया में ऑक्सीजन के तीनों अपररूप ओजोन-ऑक्सीजन चक्र में शामिल हैं। ऑक्सीजन परमाणु, ऑक्सीजन गैस और ओजोन गैस प्रमुख कारक हैं। ओजोन का निर्माण समताप मंडल में तब होता है जब ऑक्सीजन के अणु 240 ठ्ठ्व से छोटे तरंगदैर्ध्य के एक पराबैंगनी फोटोन को अवशोषित करके प्रकाश अपघटित करते हैं।

## उत्तम तप-तन मिला तुम तप करो

**विजय कुमार जैन**

जिस तरह स्वर्ण पाषाण में स्वर्ण छिपा होता है, दूध के अन्दर घी समाविष्ट रहता है, तिल के अन्दर तेल व्याप्त होता है, उसी तरह इस देह में आत्मा विद्यमान है। उस आत्मा की अभिव्यक्ति ही परमात्मा की उपलब्धि है। यही धर्म साधना का मूल ध्येय है। स्वर्ण पाषाण को अग्नि में तपाया जाता है, तब उसकी कालिमा किहिमा गलकर पृथक होती है स्वर्ण का शुद्ध स्वरूप निखर उठता है। वह हमारे गले का हार बन जाता है। इसी प्रकार जो व्यक्ति तप अनुष्ठान करता है, उसकी आत्मा कुन्दन बन जाती है। दूध में घी व्याप्त है। उसकी उपलब्धि सहज नहीं है। घी निकालना है तो पूरी प्रक्रिया अपनानी पडेगी, दूध को जमाना उसका दही बनाना होगा। उस दही का मन्थन कर नवनीत निकालना होगा। नवनीत को जब अग्नि पर तपायेगे तब घी प्रकट होगा। अपने अन्दर छिपी भगवत्ता को भी हम इसी तरह प्रकट कर सकते हैं। आवश्यकता है उस शक्ति को पहचानने और तदनुकूल प्रयत्न की। प्रत्येक प्राणी में अपार क्षमता है, उसकी अभिव्यक्ति तपस्या के बल पर होती है। मानव जीवन की सार्थकता अपनी आन्तरिक शक्तियों के विकास में है। आत्मशक्ति के विकास और आत्म उपलब्धि के लिये तप सशक्त माध्यम है। मानव जीवन में यह सहज साध्य है। मानव जीवन का सार तप साधना है। तप की व्याख्या भिन्न-भिन्न प्रकार से की गयी है। किसी ने वृत विशेष को तप माना है किसी ने वनवास कन्दमूल भक्षण अथवा सूर्य के आतप को तप माना है तो किसी ने देह और इन्द्रियों के दमन से ही तप की पूर्णता स्वीकार की हे। परन्तु जैन धर्म में तप का विशद अर्थ किया गया है और उसमें शरीर मन और आत्मा की शुद्धि करने वाले प्रयोगों को स्थान दिया गया है। जैन ग्रन्थों में बारह प्रकार का तप बताया है अनशनतप, अनोदरतप, रस परित्याग तप, विवित्त्क शय्यासन तप, वृति परिसंख्यान तप, काय क्लेश तप, अभ्यन्तर तप, प्रायश्चित तप, विनम तप, वैयावृत तप, स्वाध्याय तप, कायोत्सर्ग तप ।

इच्छाओं का निरोध ही तप का मूल उद्देश्य है। ऐहिक आकांक्षाओं से ऊपर उठकर सिर्फ कर्म क्षय के लिये किया गया पुरूषार्थ ही तप है। कर्मो का दहन अर्थात भस्मकर देने के कारण ही इसे तप कहते है। तप वही है जहाँ विषयों का निग्रह है। जो शरीर के लिये उपकारी है वह आत्मा का अपकारक है तथा जो आत्मा के लिये उपकारी है वह शरीर का अपकारक है। देह विनाशी है, आत्मा अविनाशी है। आत्मा की अमरता और शरीर की नश्वरता को जान जाने के कारण उसका नजरिया ही बदल जाता है। साधारण व्यक्ति को तपस्वी के तप में कष्ट दिखता है।

# पसीने की बदबू से पाना चाहते है निजात, अपनाये ये घरेलु उपाय



इंसान को किसी भी मौसम में पसीना आना बहुत आम सी बात है लेकिन समस्या तब गंभीर हो जाती है जब पसीने के साथ बदबू आने लगे जाये। ऐसा होने पर आपके आसपास कोई बैठना नहीं चाहता और अगर कोई बैठ भी जाता है। ऐसे में शर्मिंदगी वाजिब है। अंडरआर्म्स की बदबू को हटाने के लिए आप नहा भी लेते हैं लेकिन इसके बावजूद कुछ ही देर बाद दोबारा से वो ही हाल हो जाता है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो यहां आप जान सकते हैं कि आखिर इसकी वजह क्या है और इससे कैसे निजात पाया जा सकता है।

### पसीने से क्यों आती है बदबू -

पसीने की बदबू पूरी तरह से हमारी हाइजीन हैबिट्स और खानपान पर निर्भर है। जब शरीर में पानी से ज्यादा कैफीन का इंटेक हो जाता है और आप रेग्युलर नहीं नहाते हैं तो ऐसी आदतें पसीने में बदबू की वजह बन जाती है। स्किन एक्सपर्ट्स के अनुसार पसीना एक नॉर्मल प्रक्रिया है जो वर्कआउट, स्ट्रेस या गर्मी की वजह से शरीर से बाहर आता है लेकिन जब स्किन पर इसके साथ बैक्टेरिया घुल जाते हैं तब ये बदबूदार हो जाते है। बता दें कि स्किन पर मौजूद डेड स्किन बैक्टीरिया पनपते की जगह होती हैं जिन्हें अगर रोजाना साफ नहीं किया गया तो इनमें से बदबू आने लगती है।

### पसीने से छुटकारा पाने के लिए किन बातों का ध्यान रखें -

- हेल्दी और बैलेंस्ड डायट को अपनी दिनचर्या में शामिल करे ढ्ढ
- एंटीफंगल पाउडर का दिन में प्रयोग करें।
- भोजन में लहसुन और प्याज से कुछ दिनों के लिए दूरी बनाए।
- कॉटन कपड़े पहनें।
- दिन में दो बार नहाए।
- कैफीन की जगह ग्रीन टी या हर्बल टी का सेवन करें।
- दिनभर में दो से तीन लीटर पानी पिएं।

### घरेलू उपाय जिन्हें अपनाकर आप अंडरआर्म्स की बदबू से छुटकारा पा सकते हैं

1. **बेकिंग सोडा** - एक चम्मच बेकिंग सोडा को नींबू के रस में अच्छी तरह मिलाएं और इसे अंडरआर्म्स पर 15 मिनट लगाकर रखें। इसके बाद अच्छी तरह से नहां लें। पसीने की बदबू से राहत मिलेगी।

2. **एप्पल साइडर विनेगर** – एप्पल साइडर विनेगर को अगर नारियल तेल के साथ मिलाकर प्रभावित एरिया में लगाया जाए तो इसके इस्तेमाल से अंडरआर्म्स में होने वाले बैक्टीरिया खत्म होंगे और बदबू खत्म हो जाएगी।

3. **नींबू** - पसीने की बदबू से छुटकारा पाने के लिए नींबू का प्रयोग भी किया जा सकता है। इसे इस्तेमाल करने के लिए नींबू को आधा काट कर 10 मिनट तक अंडरआर्म्स पर रगड़ें और धो लें। आप दिन भर बदबू से दूर रहेंगे।

# अजय देवगन 2024 में 400 करोड़ रुपये के बजट की फिल्म का करेंगे निर्देशन

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया को लेकर चर्चा में हैं। ये अलग बात है कि फिल्म में अजय कोई खास कमाल नहीं कर पाए हैं। अब उनकी आगामी फिल्मों का फैंस इंतजार कर रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि अजय 2024 में 400 करोड़ रुपये के बजट की फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। फिलहाल वह इस प्रोजेक्ट की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अजय 2024 में 400 करोड़ रुपये के बजट की फिल्म बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। सूत्र ने कहा कि इस प्रोजेक्ट को लेकर चीजें अभी बिल्कुल शुरुआती स्टेज में हैं। यह प्रोजेक्ट कोरोना वायरस की महामारी और सिनेमाघरों के सुचारु रूप से चलने पर भी निर्भर करेगा। अजय काफी समय से इस प्रोजेक्ट के बारे में विचार कर रहे थे। आखिरकार उन्होंने इसकी स्क्रिप्ट को लेकर लेखकों से बातचीत की है। एक सूत्र ने कहा, इस समय फिल्म का अनुमानित बजट 400 करोड़ रुपये से अधिक है। यह बजट और भी बढ़ सकता है क्योंकि चीजों को



अंतिम रूप देने में फिल्म की लागत बढ़ सकती है। फिल्म की पटकथा को तैयार करने में कई लेखकों की टीम जुड़ गई है। फिल्म में वीएफएक्स का खास ध्यान रखा जाएगा। यह बिल्कुल एक पीरियड ड्रामा फिल्म नहीं होगी। सूत्र की मानें तो यह अजय की ड्रीम प्रोजेक्ट बताई जा रही है। एक्टिंग के अलावा अजय ने निर्देशन भी अपनी किस्मत आजमाई है। वह फिलहाल अपनी फिल्म मेडे को लेकर लाइम लाइट में हैं। अजय इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में रकुल प्रीत सिंह और बोमन ईरानी भी दिखाई देंगे। फिल्म का निर्माण अजय की प्रोडक्शन कंपनी अजय देवगन फिल्म्स के सौजन्य से किया जा रहा है। फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। अजय के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मैदान में दिखेंगे।

# इमरान हाशमी हैं सलमान को मात देने के लिए तैयार? जिम में इमरान का दिखा फिट अवतार



इमरान हाशमी पिछले कुछ महीनों से जिम में खूब पसीना बहा रहे हैं.आए दिन उनकी तस्वीर इंटरनेट पर हंगामा मचा रही है और अब एक बार फिर इमरान ने किया है जिम से कसरत करते हुए एक पिक्चर शेयर. जिसे देख साफ है इमरान तैयार हो रहे हैं सलमान को टक्कर देने के लिए. आपको बता दिया इमरान जल्द ही फिल्म टाइगर 3 में नजर आएंगे.इस फिल्म में वो विलेन बनकर सलमान से दो दो हाथ करेंगे. कहा जा रहा है इस फिल्म के लिए जी इमरान खुद को सुपर फिट बनाने के लिए जिम में जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं.उन्होंने एक ब्लैक हुडी में एक पिक्चर शेयर करे हुए कैप्शन लिखा है 'डियर फैट, मरने के लिए तैयार हो जाओ !!, कुछ दिन पहले भी उन्होंने इंस्टाग्राम पर ऐब्स दिखाते हुए शर्टलेस फोटो शेयर की थी. फोटो शेयर कर उन्होंने लिखा- यह सिर्फ शुरुआत है!! सामने आई फोटो में उनकी जबरदस्त बॉडी नजर आ रही थी. जिसे देखकर साफ पता चल रहा है कि इमरान कुछ महीनों से काफी मेहनत कर रहे हैं. इमरान की इस मेहनत और जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन पर उनके फैंस उनकी काफी तारीफ कर रहे हैं. सलमान खान की टाइगर फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म टाइगर 3 इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है.इस बार फिल्म में इमरान हाशमी विलेन का रोल प्ले करते नजर आएंगे. खबर हैं कि मेकर्स फिल्म को ग्रैंड बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं और यही वजह है कि फिल्म में इमरान के एंट्री सीन के लिए ही करोड़ों रुपए खर्च करने का प्लान बनाया है. फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया था कि सलमान की हर फिल्म में हीरो की एंट्री के लिए स्पेशल सीन शूट किए जाते हैं.लेकिन टाइगर 3 के मेकर्स ने इस बार विलेन के लिए ऐसा ही सीन शूट करने की प्लानिंग की है। मनीष शर्मा, आदित्य चोपड़ा और स्टंट टीम ने इमरान की ग्रैंड एंट्री दिखाने के लिए एक एक्शन सीक्वेंस तैयार किया है जिसकी लागत तकरीबन करीब 10 करोड़ रुपए आएगी. आपको बता दें सलमान खान और कटरीना कैफ स्टारर फिल्म टाइगर 3 की शूटिंग शुरू हो चुकी है. टाइगर के तीसरे पार्ट में रोमांटिक एक्टर इमरान हाशमी आईएसआई एजेंट की नेगेटिव भूमिका में नजर आने वाले हैं।

# रितिक रोशन के साथ कनेक्टेड महसूस करती हूं :वाणी कपूर



वाणी कपूर ने रणवीर सिंह, रितिक रोशन, अक्षय कुमार जैसे स्टार्स के साथ काम किया और अब वह रणबीर कपूर के साथ 'शमशेरा' में नजर आनेवाली हैं। हालांकि वाणी ने यह भी स्वीकार किया है कि बतौर ऐक्टर और स्पॉटलाइट में रहने के बावजूद वह काफी इंट्रोवर्ट और शर्मीली हैं। वाणी कपूर ने कहा है कि वह रितिक से काफी कनेक्टेड फील करती हैं। वाणी ने कहा, 'मैं काफी प्राइवेट पर्सन हूं, मुझे अपना स्पेस पसंद है। चाहे वो काम की जगह ही क्यों न हो, मैं लोगों से काफी कम बातें करती हूं। मैं चुप रहने वालों में से हूं और ऐसे में लोग घमंडी और एरोगेंट समझते हैं।' को-स्टार्स से उनकी कैसी बनती है? इस सवाल पर वाणी ने कहा, 'जिन लोगों के साथ मैंने काम किया है उनमें से रणवीर की बात करूं तो वह काफी बातूनी है। वह ऐसे हैं जो आपको भी बातूनी बना सकता है। बेफिक्रे की शूटिंग के दौरान मैंने उनके साथ काफी समय बिताया है। वह सुपर फ्रेंडली पर्सन हैं।' वाणी वे बताया कि को-स्टार रितिक रोशन के साथ वह काफी कनेक्टेड फील करती हैं। उन्होंने कहा, 'बतौर ऐक्टर और पर्सन मैं रितिक के साथ काफी कनेक्टेड महसूस करती हूं। मुझे लगता है कि मैं उनकी तरह काम करती हूं। हमारी सोच एक-दूसरे से काफी हद तक मिलती है। उनकी तरह मैं भी अपने काम को लेकर एक बड़ी क्रिटिक्स हूं। अनिश्चतताओं को लेकर भी हम एक जैसे हैं। कुल मिलाकर हमारा टेम्पो और वेवलेंथ मैच होता है। जब वह बातें करते हैं तो काफी मस्ती करती हैं, वह सुपर फनी हैं। उन्हें लगता है कि मैं भी काफी फनी हूं। मुझे यह जानकर अच्छा लगा कि उन्हें मेरी कंपनी पसंद है।' वाणी ने रणबीर कपूर को लेकर भी बातें कीं और कहा, 'हमने शूटिंग के दौरान लद्दाख में काफी समय साथ बिताया और इस दौरान उन्हें अच्छी तरह से जानने का मौका मिला।

## अब 'भावई' नाम से रिलीज होगी प्रतीक गांधी की अपकमिंग फिल्म 'रावण लीला'



वेबसीरीज 'स्कैम 1992' से डिजिटल दुनिया के स्टार बने गुजराती अभिनेता प्रतीक गांधी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'रावण लीला' को लेकर चर्चा में है। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर जारी होने के बाद अब इस फिल्म को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। दरअसल, कुछ दिनों से इस फिल्म के टाइटल को लेकर काफी विवाद हो रहा था, जिसके कारण मेकर्स ने अब फिल्म के टाइटल को लेकर एक फैसला लिया है। मेकर्स ने अब इस फिल्म का टाइटल रावण लीला से बदलकर भावई कर दिया है, जिससे किसी की भावना को कोई आहत न पहुंचे। फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करते हुए इसकी जानकारी दी है। प्रतीक गांधी इस फिल्म से बतौर मुख्य अभिनेता हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए तैयार हैं। लवयात्री और मित्रों जैसी फिल्मों में नजर आ चुके प्रतीक गांधी अपकमिंग फिल्म 'भावई' में बतौर अभिनेता लीड रोल में होंगे। वहीं इस फिल्म में प्रतीक गांधी के साथ अभिनेत्री एंद्रिता रे, अंकुर भाटिया, अभिमन्यु सिंह, राजेश शर्मा, अंकुर विकल, राजेंद्र गुप्ता, गोपाल सिंह, फ्लोरा सैनी, अनिल रस्तोगी, कृष्णा बिष्ट जैसे कई कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। यह एक रोमांटिक फिल्म होगी।

# जान्हवी कपूर की बोल्ड तस्वीरें आई सामने, इस खूबसूरत आउटफिट में लग रहीं बेहद ग्लैमरस



बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की गिनती अब उन एक्ट्रेस में होती है जो अपने बोल्ड अंदाज से सबसो घायल कर देती हैं। जाह्नवी कपूर) कि जिम तस्वीरें जमकर वायरल होती हैं। एक्टिंग के साथ सोशल मीडिया पर भी जाह्नवीकाफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन एक्ट्रेस अपनी लेटेस्ट तस्वीरें और वीडियोज फैंस के बीच पोस्ट करती हैं। इसी बीच जाह्नवी के लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंटरनेट पर ताबड़तोड़ वायरल हो रही हैं। जाह्नवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि जाह्नवी ने क्रीम कलर की बेहद ही सीज़लिंग वनपीस ड्रेस पहनी है, इस ड्रेस का नेक काफी डीप है, वहीं उनके बाल खुले हुए हैं। इस ड्रेस के साथ ही जाह्नवी ने बहुत ही प्यारी सी डायमंड ईयरिंग पहनी है। इन फोटोज में अदाकारा एक से बढ़कर कातिलाना पोज देते नजर आ रही हैं। जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की करें तो वो जल्द ही सिद्धार्थ सेन गुप्ता के निर्देशन में बन रही फिल्म 'गुड लक जेरी' में नजर आने वाली हैं। ये एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, फिल्म को आनंद एल राय प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसके अलावा वो करण जौहर की फिल्म 'दोस्ताना 2' में भी नजर आने वाली हैं।

# इन तरीकों से करें अपने मेटल फर्नीचर की सफाई, लंबे समय तक नहीं होगा खराब



कई लोग अपने गार्डन में मेटल फर्नीचर रखना पसंद करते हैं, लेकिन कुछ समय के बाद ही यह बरसात और धूल-मिट्टी के कारण खराब होने लगता है। अगर आप नहीं चाहते हैं कि आपके गार्डन में रखें मेटल फर्नीचर को कोई नुकसान पहुंचे तो इसकी साफ-सफाई पर अतिरिक्त ध्यान दें। आइए आज हम आपको मेटल फर्नीचर को साफ करने के आसान तरीके बताते हैं, जो शायद आपके काम आ सकते हैं।

### सिरके और पानी से तैयार करें क्लीनिंग सॉल्यूशन

आजकल बाजार में मेटल फर्नीचर के लिए कई तरह के क्लीनिंग सॉल्यूशन मौजूद हैं, लेकिन इनमें कई ऐसे कठोर केमिकल्स होते हैं, जिनसे फर्नीचर जल्दी खराब हो सकता है। ऐसे में आप चाहें तो अपने मेटल फर्नीचर के लिए सिरके और पानी से एक सुरक्षित क्लीनिंग सॉल्यूशन तैयार कर सकते हैं। इसके लिए एक स्प्रे बोतल में सिरके और पानी को बराबर मात्रा में मिलाएं। इस मिश्रण को एक साफ कपड़े पर छिड़कें और फिर इससे मेटल फर्नीचर साफ करें।

### डिटर्जेंट का करें इस्तेमाल

आप चाहें तो अपने मेटल फर्नीचर को साफ करने के लिए डिटर्जेंट का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए पहले एक स्प्रे बोतल को आधा पानी से भरकर इसमें एक चम्मच डिटर्जेंट पाउडर और एक चम्मच बेकिंग सोडा अच्छे से मिलाएं। अब मेटल फर्नीचर पर इस मिश्रण का छिड़काव अच्छे से करें, फिर कुछ मिनट के बाद फर्नीचर को माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछकर सूखा दें। इससे आपका फर्नीचर एकदम नया लगने लगेगा।

### अल्कोहल या नींबू का रस आएगा काम

अगर आपके मेटल फर्नीचर पर किसी चीज के जिद्दी दाग लग गए हैं तो ऐसे में आप परेशान न होएं क्योंकि आप उसे आसानी से साफ कर सकते हैं। इसके लिए रुई पर थोड़ा सा अल्कोहल डालकर उससे फर्नीचर को साफ करें। इसके बाद फर्नीचर पर थोड़ा ब्लो ड्रायर फेर दें। वहीं, दाग अगर थोड़ा हल्का है तो उसे हटाने के लिए आप नींबू के रस का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

### जरूरी बात

**लेबल के अनुसार करें फर्नीचर की देखभाल:** अगर आपका मेटल फर्नीचर किसी तरह के लेबल के साथ आया है तो उस पर लिखे दिशा-निर्देश को अच्छे से पढ़ें क्योंकि उस पर लिखी जानकारी आपके फर्नीचर को लंबे समय तक के लिए नया जैसा बनाए रखने में काफी मददगार साबित हो सकता है।

## मोनालिसा ने फिर ब्लू बिकिनी में बढ़ाई फैंस की धड़कनें



सिनेमा से लेकर वेब सीरीज तक अपना सफर तय कर चुकी एक्ट्रेस मोनालिसा अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड फोटोज से सोशल मीडिया का पारा बढ़ा देती हैं। ऐसे में हाल ही में उन्होंने बिकिनी में तस्वीरें शेयर कर फैंस की धड़कनें बढ़ा दी है। ऐसे में अब मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह स्काई कलर की ब्लू बिकिनी में नजर आ रही हैं। सिनेमा से लेकर वेब सीरीज ने अपने दम पर काफी कम समय में करोड़ों फैंस का दिल जीत लिया है। यही कारण है कि वह अब किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। ऐसे में अब मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह स्काई कलर की ब्लू बिकिनी में नजर आ रही हैं। मोनालिसा को बिकिनी में देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने कमेंट्स की बाढ़ ला दी है और उन्होंने और तस्वीरें अपलोड करने के लिए एक्ट्रेस के आगे डिमांड भी रख दी है। मोनालिसा फोटोज में अलग-अलग पोज दे रही हैं। बता दें कि मोनालिसा पिछले कुछ दिनों पहले रक्षाबंधन के मौके पर पति विक्रांत सिंह राजपूत के साथ मालदीव वेकेशन पर गई थीं। जहां से उन्होंने तब अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की थी।

## वन-टू-वन

### आय दिन हो रहे हादसे प्रशासन नही दे रहा ध्यान



**हरिओम परिहार रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

तहसील कोलारस के आने वाले ग्राम भाटी में आज बहुत ही दर्दनाक मंजर देखने को मिला एक ही जगह एक ही कमरे में दो बच्चों को सर्प ने काट लिया और उसी टाइम किसी वेद के पास गए और वेद को दिखाया तो फायदा ना मिलने से उनको शिवपुरी सरकारी हॉस्पिटल में ले जाया गया जहां एक बच्चे को ग्वालियर रेफर कर दिया और एक इलाज के दौरान एक बच्चे को डॉक्टर साहब ने मृत घोषित कर दिया जिसका नाम बताया जा रहा है कि राहुल परिहार उम्र 16 वर्ष पिता लल्लू परिहार निवासी बाटी वह दोनों भाई अपने कमरे में सो रहे थे अचानक से 2÷00 बजे रात के समय कहीं से सर्प निकला और दोनों के पैरों में डस लिया बताया जा रहा है कि ग्वालियर रेफर किया था अरुण परिहार उम्र 18 वर्ष पिता श्री लल्लू परिहार ग्राम भाटीको वह अभी फिलहाल ठीक है

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** भारतीय जनता पार्टी मंडल इंदरगढ़ मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सुरेंद्र बुधौलिया जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के मुख्य आतिथ्य एवं रामलखन सिंह गुर्जर मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी इंदरगढ़ की अध्यक्षता मैं शासकीय कॉलेज कामत रोड इंदरगढ़ में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महिला विशेषज्ञ एवं पुरुष दोनों के डॉक्टर दतिया मेडिकल कॉलेज से आए हुए थे जिन्होंने स्वास्थ्य का निशुल्क परीक्षण कर निशुल्क दवाएं वितरित की गई एवं डॉक्टर बृजेंद्र बघेल जी ने भी खेरापति कॉलेज के पास अपने क्लीनिक पर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कराया उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश दांतरे स्वास्थ्य शिविर प्रभारी आलोक परिहार मंडल अध्यक्ष रामलखन गुर्जर लक्ष्मीकांत खरे अखिलेश मुद्गल रामज्ञान शर्मा रामबाबू शर्मा हरकिशन कुशवाहा विक्की नगरिया कमलेश खटीक देवेंद्र गुर्जर राम गोपाल साहू राकेश खटीक हर नारायण सेन प्रभु दयाल जाटव भास्कर गुप्ता पवनदीप गुर्जर राघवेंद्र कर्ण किशन सिंह चंदेल आदि समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गरीबी उन्मूलन के लिए समावेशी विकास के साथ सतत विकास पर स्वदेशी शोध संस्थान एवं भारतीय विश्वविधालय संघ द्वारा वेबीनार

**सितंवर 23-25 2021शाम 6 से 8 बजे तक**
**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

स्वदेशी जागरण मंच ग्वालियर महानगर संयोजक से प्राप्त जानकारी अनुसार संगोष्ठी के वाले में यह समीचीन होगा कि भारत जो थी डी पी के आधार पर वर्ष 1ए डी में सबसे धनी अर्थ व्यवस्था थी , वो स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1ए डी में औसत 30पृतिशत से घट कर 4पृतिशत से कम हो गई,थी डी पी के आधार पर भारत दुनिया की सवसे बडी अर्थ व्यवस्था बन गई है भारत वहुलवादी अर्थ व्यवस्था,राष्ट्र निर्माण में लगे और नियोजित होने के लिए शिक्षित और कुशल युवाओ का उत्पादन करने वाले शेक्षिक संस्थानो के सवसे बडे नेट वर्क में से एक है देश ने विभिन्न क्षेत्रो में काफी पृगति की है,जैसे सूचना पृोधोगिकी और स्वास्थ्य संवधी ढाचे।हालाकि हम गरीबी को खत्म करने और कम करने,रोजगार पृाप्त करने के इछुक पृत्येक व्यक्ति को रोजगार पृदान करने में सक्षम नही है। इसके अलावा बडी हुई वैश्वविक कनेक्टिविटी के साथ जीवित पृंटि मीडिया,इलेक्ट्रोनिक मीडिया,साक्षरता मे वृद्धी और एक लोकतांतरिक शासन पृणाली के साथ उनके नागरिको की बड़ी भागीदारी के साथ लोगो की आकांक्षा का स्तर कई गुना बड गया है। हम भारत को वर्ष 2030तक पर्यावरण की दृष्टि से ठिकाने तरीके से कुपोषण मुक्त एक अग्रणी और समृद देश के रूप में देखना चाहते है।

**निम्न विंदुओ पर विचार किया जाएगा**

पृतिशत भी पी एल आबादी के साथ गरीबी मुक्त भारत सभी के लिए आजीविका के साथ रोजगार का अनुकूलन समावेशी विकास के साथ सतत विकास 10 ट्रिलियन डालर इन व्यापक क्षेत्रो में राष्ट्रीय, क्षेत्रीय जैसे ग्रामीण और अनौपचारिक क्षेत्रो,एस एम ई ,विनिर्माण और सेवा क्षेत्र तोरा राज्य विशेष के दृष्टिकोण, चर्चा उनपर भी ध्यान केंद्रित करेगी दिस पर विशेष ध्यान देने और उल्लेखित लक्ष्य में सुधार की आवश्यकता है। चर्चा में फेस बुकि, यूट्यूव से जुडा था सकता है जुडने के लिए स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत पृांत के संयोजक श्री श्री कांत बुधोलिया पृांत के पृचार पृमुख संजीव गोयल विचार पृमुख राकेश शर्मा पृातीय कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश पाठक,डानवीन दुबे छत देवशर्मा राघवेंद्र शर्मा विभाग ग्वालियर के संयोजक डा लोकेन्द्र सिंह कामर महानगर के संयोजक के सी शर्मा छिला लश्कर के संयोजक महन्त कोस्तुभ शर्मा एडवोकेड नगर ग्वालियर के संयोजक पुष्पराज सिह सिकरवार नगर मुरार के संयोजक जितेन्द्र सिंह राजपूत महानगर के पृचार पृमुख दैवेश थापक और विभाग के सभी स्वदेशी बेस्ट वो कनिप्ट कार्यकरता।

# भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है: साध्वी ऋतु पाण्डेय

**श्रीमद् भागवत कथा में पहुँचे पूर्व मंत्री,विधायक डॉ.गोविन्द सिंह**

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**





**दबोह।** नगर दबोह क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मंदिर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर मोनी योगाआश्रम दबोह में गोरा,बरथरा,बड़ागाँव, कसल,अंधियारी,दबोह क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमियों के जन सहयोग से दिनांक 21 सितंबर 2021 मंगलवार से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ हो गया है आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन गुरुवार को कथावाचक साध्वी ऋतु पाण्डेय जी ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया,मनुष्यों का क्या कर्तव्य है इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है विडंबना ये है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं निस्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है जबकि शरीर नश्वर है उन्होंने कहा कि भागवत बताती है कि कर्म ऐसा करो जो निस्काम हो वहीं सच्ची भक्ति है जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है,जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए,भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया,भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य को वैभव और पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है जो सच्चे मन से भगवान को याद करता है भगवान स्वयं प्रकट हो कर उनकी रक्षा करते हैं,उन्होंने बताया सुनीति महाराज उत्तानपाद की रानी थीं जिनके गर्भ से ध्रुव जैसे तेजस्वी बालक ने जन्म लिया था महाराज उत्तानपाद की दो रानियाँ थीं सुनीति और सुरुचि उत्तानपाद के सुनीति से ध्रुव तथा सुरुचि से उत्तम नामक पुत्र उत्पन्न हुये थे यद्यपि सुनीति बड़ी रानी थीं किन्तु राजा उत्तानपाद का प्रेम सुरुचि के प्रति अधिक था ध्रुव अपने घर से तपस्या के लिए जा रहे थे रास्ते में उन्हें देवर्षि नारद मिले उन्होंने ध्रुव को÷? नमो भगवते वासुदेवाय÷का जाप कर के भगवान विष्णु की तपस्या करने को कहा ध्रुव ने नारद जी की बात मानकर एक पैर पर खड़े होकर छह माह तक कठोर तप किया बालक की तपस्या देख भगवान विष्णु ने दर्शन देकर उसे उच्चतम पद प्राप्त करने का वरदान दिया। इसी के बाद बालक ध्रुव की याद में सर्वाधिक चमकने वाले तारे को नाम ध्रुवतारा दिया गया इस दौरान श्रीमद भागवत कथा पंडाल में हजारों श्रदालु,भक्त,संत महात्मा,आदि मौजूद रहे,कथा में पारीक्षत संजू देवी पत्नी बीरबल सिंह कौरव गोरा को बनाया गया,कार्यक्रम सयोंजक पूर्व सरपंच बड़ागाँव पंडित किशोरी पाराशर जी के द्वारा आयोजन में सहयोग किया जा रहा है।

**श्रीमद भागवत कथा में पहुँचे पूर्वमंत्री,लहार विधायक डॉ.गोविन्द सिंह:** श्रीमद भागवत कथा में पहुँचे पूर्वमंत्री,लहार विधायक डॉ.गोविन्द सिंह आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होकर भागवत पुराण का पूजन किया तथा कथावाचक साध्वी ऋतु पाण्डेय जी को पुष्प भेट कर आशीर्वाद लिया,इस दौरान डॉ.गोविन्द सिंह ने कहा वेद पुराणों एवं कथाओं से हमें अपने जीवन को सन्मार्ग पर ले जाने की प्रेरणा मिलती है।

# मेडिकल कॉलेज दतिया में महिलाओं के कैंसर के ऊपर प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध है समस्त प्रकार के कैंसर का निदान एवं उपचार- डॉ श्वेता यादव**

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**



दतिया । शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के द्वारा महिलाओं में सबसे ज्यादा पाया जाने वाले गर्भाशय, स्तन एवं मुख के कैंसर की जांच प्रशिक्षण हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला का 23 सितंबर 2021 को शुभारंभ किया गया शुभारंभ कार्यक्रम में गजरा राजा मेडिकल कॉलेज की वरिष्ठ प्राध्यापक एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ यशोधरा गौर ने अपने व्याख्यान में बताया की कि यदि जांच समय पर की जाए तो गर्भाशय स्तन एवं मुख के कैंसर से बचाव किया जा सकता है कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ राजेश गौर अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया ने इस विषय पर कार्यशाला मैं उपस्थित वक्ताओं की हौसला अफजाई की एवं चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के लिए इस प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर श्वेता यादव ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह दिया तीन दिवसीय कार्यशाला में डॉक्टर श्वेता यादव डॉ सुरेश सिंह तोमर लक्ष्मण सिंह खैरा एवं डॉ चक्रपाणि अवस्थी के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा शुभारंभ कार्यक्रम में अस्पताल अधीक्षक अर्जुन सिंह ,अस्पताल सह अधीक्षक डॉक्टर सचिन सिंह यादव, डॉ प्रदीप शुक्ला, डॉ विवेक वर्मा, डॉ आशीष मौर्य, डॉक्टर त्रिभुवन नारायण गौर ,डॉ राजेश गुप्ता , स्त्री रोग विशेषज्ञ, मधुबाला गुप्ता डॉक्टर नीलम मंडेलिया डॉ सुधा शर्मा एवं दतिया चिकित्सा महाविद्यालय के सभी गणमान्य चिकित्सक उपस्थित थे7 इस अवसर पर बोलते हुए कार्यक्रम की मुख्य आयोजक डॉ श्वेता यादव ने पुनः स्मरण कराया कि हमारे पास जांच और इलाज के सभी उपकरण, यंत्र, संसाधन, उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि दतिया की किसी भी पीड़ित महिला को इलाज के लिए दतिया से बाहर नहीं जाना पड़ेगा । बस आप आगे आकर जांच कराएं, और समय पर इलाज कराएं।

## वरिष्ठ समाजसेवी लाइक सिंह कुशवाह ने ज्योतिराज सिंधिया को मुकुट पहनाकर का किया स्वागत



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**सेवढ़ा ।** समस्त विधान सभा लहार एवं विधान सभा सेवड़ा से बड़े हर्षित के साथ निवेदन करता हूं कि श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया महाराज के भारत सरकार में मंत्री बनाए जाने पर ग्वालियर प्रथम आगमन पर लायक सिंह कुशवाह समाज सेवी ने श्रीमंत महाराज सिंधिया जी का भव्य स्वागत किया जिसमे दो बड़े चांदी के मुकुट श्रीमंत को पहनाए। स्थान संतनीरंकारी आश्रम के सामने व पुरानी छावनी थाने से पहले मुरैना रोड ग्वालियर में स्वागत किया श्रीमंत महाराज ने समाज सेवी लायक सिंह कुशवाह को दूर से बुलाया और समाज सेवी का हाथ पकड़ कर ऊपर रथ पर चढ़ाया और दोनो बड़े मुकुट स्वीकार किए और महाराज ने अपने साथ 2 कि.म. तक होटल ऋतुराज तक अपने साथ रथ मे ले गए और पूर्ण आशिर्वाद दिया। मैं ईश्वर से श्रीमंत के लिए लंबी उम्र और भारत मे वर्चिस कायम रहने के लिए प्रार्थना करता हू। हमारे सेवड़ा एवं लहार के सेकडो लोग महाराज के सम्मान के लिए वरिष्ठ समाज सेवी लाइक सिंह कुशवाहा के साथ रहे जिसमें युवा समाजसेवी राजेश कुमार कुशवाहा आदि समस्त सेवड़ा एवं लहार क्षेत्र के समाजसेवी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने मास्क व जूस डिब्बों का वितरण किया

**पुष्पाजंली टुडे**

**मंड्या** ÷टी नरसीपुरा तहसील के बन्नूर गांव में रोटरी क्लब बन्नूर की और से आसा कार्यकर्ताओं ,आंगनवाड़ी केन्द्र कार्यकर्ताओं ,नगरपालिका सफाई कर्मियों व सरकारी अस्पताल डाक्टरों को मास्क व रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने जूस डिब्बों का वितरण किया ।इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष व समाजसेवी के महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि कोरोना काल में हम सब घरों में परिवार के साथ में रहे ।डाक्टरों ,सफाईकर्मियों आसा कार्यकर्ताओं व आंगनवाड़ी केंद्र कार्यकर्ताओं हमें कारोना से बचाने व कोरोना संक्रमित हुए लोगों को समय पर इलाज उपलब्ध करवाने की महत्वपूर्ण भुमिका रही है । क्लब के कार्यदरशी राजेंद्रा ने कहा कोरोना का खतरा अभी कम नही हुआ है ।कोरोना की वैक्सीन लगवाने के साथ में भीड-भीड जगह पर जाने पर मुंह मास्क पहनकर व सामाजिक दुरी का पालन करना चाहिए।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन महू शाखा द्वारा द्वितीय ज़ोनल बैठक स्वर्णिमा भोर सम्पन्न



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**इंदौर** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन महू शाखा द्वारा द्वितीय ज़ोनल बैठक स्वर्णिमा भोर आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा जी लाखोटिया,राष्ट्रीय संपादक बबीता बागड़िया,मध्यांचल प्रमुख सुमन मूंदड़ा,राष्ट्रीय जन जागरण प्रकल्प प्रमुख इंदु,सोमानी प्रांतीय अध्यक्ष अंशु गुप्ता सभी पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष राधा लड्डा,शकुंतला खंडेलवाल,शीला बंसल,इंदु गर्ग का स्वागत शाखा प्रमुख शकुंतला ढोली,प्रांतीय सचिव सरिता खंडेलवाल,प्रांतीय कोषाध्यक्ष करुना लोहारिया,अध्यक्ष किरण गोयल,सचिव राजकुमारी द्वारा किया गया।वहीं निर्मला यादव उर्मिला लोहारिया ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।सम्मेलन में इंदौर रतलाम खरगोन अमझेरा मनावर ओझर प्रीतमपुर किशनगंज की बहनों ने हिस्सा लिया अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा लखोटिया ने कहा 7 वर्ष तक के बच्चों को हम अपनी संस्कृति में ढाल सकते है हमारा प्यार और व्यवहार ही परिवार की नींव को मजबूत करता है हमारा हर विचार सकारात्मक होना चाहिए लघु नाटिका किशनगंज शाखा एवं भावना रुनवाल विनीता नेगी ने डांस प्रस्तुत किया संचालन शकुंतला विजयवर्गीय प्रमिला बंसल उमा गोयल ने किया आभार सचिव राजकुमारी अग्रवाल ने व्यक्त किया।



# इंदिरा गांधी पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा दो दिवसीय आमुखीकरण प्रशिक्षण संपन्न हुआ

**अमित शर्मा**
**पुष्पांजली टुडे**



**पाली ।** इंदिरा गांधी पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान जयपुर के मार्गदर्शन व सहयोग से जिला परिषद के तत्वावधान में गुरूवार को दो दिवसीय आमुखीकरण प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता चौहान के निर्देशन में अधिकारीगण व कर्मचारियों ने तथा जिला आ- योजना समिति एवं प्रशासन एवं स्थाई समिति के सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण प्रभारी अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शक्ति सिहं ने बताया कि संभागीय को त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के सभी स्तरो के, वैधानिक ,प्रशासनिक, विकासात्मक भूमिका एवं दायित्व केंद्र व राज्य सरकार की पंचायती राज से संबंधित प्रमुख योजनाएं। जिला परिषद एकीकृत पंचायत योजना, डिजिटल, सतत विकास गोल में, सतत विकास स्थायीकरण में बाल, युवा, महिला व कमजोर वर्ग के संरक्षण में, जिला परिषद की भूमिका, जल ग्रहण, विभाग की वित्तीय शक्तियां, जवाबदेह गवर्नेंस का महत्व व प्रशासन गांव की ओर अभियान, नेतृत्व गुण विकास, विकास क्या व जिला परिषद सदस्यों को जिला वार्षिक बजट योजना की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में डॉ राजकमल पारीक ने विभिन्न गीतों के माध्यम से वातावरण को जीवंत व रोचक बनाया। प्रशिक्षण में अधिशाषी अभियंता राजेंद्र धोलिया, अरुण कुमार वैष्णव, भंवर लाल चौधरी, सुश्री कविता, सुरेन्द्र पाटनेचा, मनोहर सिंह, मांगीलाल तंवर, प्रशासन एवं स्थापना समिति जिला परिषद वार्ड सदस्य नंदनी सिरवी, सुश्री बुद्धि देवी, आशा देवी, चुनाराम सोजत, रासा सिंह जैतारण तथा जिला आयोजना समिति सदस्य कालूराम, पुष्पा देवी, रेणु कंवर, दुर्गा सिरवी, सुमित्रा सरगरा तथा लक्ष्मण व इंद्र चंद डाबी, हाजी मोहम्मद ने भी सहभागिता निभाई।

### टोस्ट फैक्ट्री की आकस्मिक जांच, अस्वच्छ परिस्थितियां व सोडियम सेक्रीन मिला

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**
**(1736 किलो टोस्ट जप्त)**

**उज्जैन ।** कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में मिलावट से मुक्ति अभियान अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आज नागझिरी इंडस्ट्रियल एरिया देवास रोड स्थित फर्म फन एंड फ़ूड इंडस्ट्रीज पर टीम के साथ आकस्मिक कार्यवाही की गई।



खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा यहाँ निरीक्षण किया गया, जिसमें फैक्टरी में टोस्ट का निर्माण होना पाया गया। जांच में फैक्टरी में टोस्ट के निर्माण में पर्याप्त स्वच्छता नही पाई गई। कर्मचारियों द्वारा पर्सनल हाइजीन का ध्यान नही जाना पाया गया। कर्मचारियों द्वारा हेड कैप, एप्रिन आदि पहने नही पाए गए। कर्मचारियों के मेडिकल परीक्षण भी नहीं पाए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीडी शर्मा ने बताया कि जांच टीम को यहाँ परिसर में प्रतिबंधित सोडियम सैक्रीन भी मिला जिसे जब्त कर अपमिश्रक के रूप में सैंपल लिया गया। टीम को यहाँ अलग अलग पैकिंग में टोस्ट का निर्माण और पैकिंग होना पाया जिनमे कुछ टोस्ट की पैकिंग पर बैच न और पैकिंग डेट नही पाई गई। टीम ने यहां तैयार किये जा रहे सभी प्रकार के टोस्ट और टोस्ट निर्माण में उपयोग किये जा रहे मैदा, पाम ऑइल और रंग के सैंपल लिए गए। सभी सैंपल जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए।

## वन-टू-वन

### कांग्रेस व विपक्षी सहयोगी दलों के द्वारा संयुक्त रूप से 25 को धरना प्रदर्शन किया जाएगा

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**भिण्ड ।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने बताया कि विपक्षी सहयोगी दल व जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आवाहन पर 11 सूत्रीय मांगों को लेकर होने जा रहे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन 25 सितंबर 2021 को समय 11ः00 से 2ः00 तक स्थान खंडा रोड भिंड में आयोजित किया गया है। जिसमें कांग्रेस के व अन्य सहयोगी दलों के विधायक ,पूर्व विधायक, पार्षद, पूर्व पार्षद ,नगर पालिका अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत के अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष, जनपद सदस्य,जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष, जिला पंचायत के सदस्य गण प्रदेश के समस्त पदाधिकारी, मोर्चा, विभाग, संगठन के अध्यक्ष व उनकी कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी ,ब्लॉक अध्यक्ष व पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारी प्रमुख रूप से अधिक से अधिक संख्या में कोविड़-19के नियमों का पालन करते हुए उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### कास्मेटिक व्यापारी के घर बदमाशो ने धावा बोल माल समेटा ओर उसी की कार मे लेकर चंपत हो गये

**भोपाल।** राजधानी के कोलार थाना इलाके मे सर्वजन कॉलोनी एस सेक्टर में रहने वाले एक कास्मेटिक व्यापारी के सूने मकान का चोरो ने ताला चटकाया ओर एलईडी, सोने चांदी के जेवरात सहित डेढ़ लाख की नकदी और कार कार लेकर चंपत हो गये। पुलिस का अनुमान है, कि बदमाश चोरी के माल को फरियादी की कार में ही भरकर फरार हुए हैं। आरोपियो की सुरागशी के लिये पुलिस घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। थाना पुलिस के अनुसार सर्वजन कॉलोनी मे रहने वाले संदीप जैन पिता स्व. राजकुमार जैन (34) ने शिकायत करते हुए बताया कि वो एस सेक्टर दामखेड़ा में कास्मेटिक आईटम की दुकान चलाते हैं। वहीं उनके बड़े भाई संजय जैन दामखेड़ा में किराना दुकान चलाते हैं, और वहीं रहते हैं। बीते दिन संजय के घर पिता के श्राद कार्यक्रम था, उसमें शामिल होने संदीप पत्नी ओर मां के साथ भाई के घर गये थे। बाद मे रात करीब साढ़े नौ बजे जब वो वापस अपने घर लौटे तो देखा की मकान के मेन गेट का ताला टूआ पडा था। अंदर जाकर देखने पर सारा सामान बिखरा ओर बेडरूम की रखी अलमारी के लॉक भी टूटे मिले। फरियादी ने पुलिस को बताया कि अलमारी मे रखी डेढ़ लाख रुपए की नकदी, आठ सोने की चूडियॉ, सोने का हार, दो सोने की चेन, सोने की अंगूठी, अन्य कीमती जेवरात ओर एलईडी सहित 6 लाख का माल गायब था। वहीं घर के पोर्च में खड़ी उनकी स्विफ्ट कार भी आरोपी लेकर रफुचक्कर हो गये। पुलिस का अनुमान है, फरियादी की कार मे ही बदमाश टीवी व अन्य सामान लेकर चंपत हुए हैं।

### लेक विक्टोरिया में नौका के पलटने से सात लोगों की मौत

**नैरोबी।** लेक विक्टोरिया में नौका के पलटने से सात लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। होमा बे काउंटी के आयुक्त मूसा लिलान ने बताया कि लेक से सात शव निकाले गए। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि चार लोग अब भी लापता हैं।पुलिस ने बताया कि हादसे के समय नौका पर 19 यात्री सवार थे। हादसा तट से करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर हुआ। काउंटी के आयुक्त ने बताया कि नौका में क्षमता से अधिक लोग सवार थे और सामान भी अधिक था। वहीं, नौका चलाने वाले फलिक्स ओमा का कहना है कि हादसा खराब मौसम के कारण हुआ।

### 'ऑकस' में भारत या जापान को शामिल किए जाने की संभावना को अमेरिका ने नकारा

**वॉशिंगटन।** हिंद-प्रशांत की सुरक्षा के लिए अमेरिका ने ऑस्ट्रेलिया तथा ब्रिटेन के साथ मिलकर त्रिपक्षीय गठबंधन 'ऑकस' (एयूकेयूएस) का गठन किया है लेकिन इसमें भारत या जापान को शामिल किए जाने की संभावना को नकार दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले हफ्ते ऑकस की घोषणा केवल सांकेतिक नहीं थी और मुझे लगता है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों को यही संदेश दिया है कि हिंद-प्रशांत की सुरक्षा के लिए बनाए गठबंधन में किसी अन्य देश को शामिल नहीं किया जाएगा। साकी से सवाल किया गया था कि क्या भारत या जापान को इस गठबंधन में शामिल किया जाएगा, जिसके जवाब में उन्होंने उक्त जवाब दिया। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया ने हिंद-प्रशांत में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र के लिए नए त्रिपक्षीय सुरक्षा गठबंधन 'ऑकस' (एयूकेयूएस) की 15 सितंबर को घोषणा की थी, ताकि वे अपने साझा हितों की रक्षा कर सकें और परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बियां हासिल करने में ऑस्ट्रेलिया की मदद करने समेत रक्षा क्षमताओं को बेहतर तरीके से साझा कर सकें। इस समझौते के कारण उसने फ्रांस के साथ अनुबंध रद्द कर दिया है। फ्रांस ने गठबंधन में उसको शामिल ना करने की आलोचना की थी और कहा था कि जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आम चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है तो यह सुसंगतता की कमी को दर्शाता है। साकी ने कहा, 'यकीनन, इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष रुचि रखने वाले फ्रांस समेत कई देशों के साथ बातचीत के लिए एक महत्वपूर्ण विषय है।'

# भोपाल को देश की सबसे अच्छी राजधानी के रूप में विकसित किया जाएगा: भूपेन्द्र सिंह

### लगभग 01 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों के निर्माण हेतु भूमिपूजन भी किया



**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि विकास एवं जनसुविधा सहित अन्य कार्यों को बेहतर ढंग से कराते हुए आगामी समय में भोपाल को देश की सबसे अच्छी राजधानी बनाया जाएगा और रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर को भी देश का सबसे अच्छा ट्रांसपोर्ट नगर बनाया जाएगा। श्री सिंह ने यह विचार रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर में नगर निगम भोपाल द्वारा नवनिर्मित शॉपिंग काम्प्लेक्स के लोकार्पण अवसर पर व्यक्त किए। इस दौरान मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने लगभग 01 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर में सड़क निर्माण हेतु भूमिपूजन भी किया तथा दुकानों की प्रीमियम की पूर्ण राशि जमा करने वाले 07 व्यवसायियों को आधिपत्य भी प्रदान किए। इस अवसर पर स्थानीय विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, नगर निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, अपर आयुक्त पवन सिंह सहित पूर्व पार्षदगण, ट्रांसपोर्ट व्यवसायी व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बुधवार को कोकता स्थित रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर में आर.टी.ओ. कार्यालय के पास नगर निगम द्वारा निर्मित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करते हुए कहा कि भोपाल के ट्रांसपोर्ट नगर में काफी पर्याप्त जगह है और यहां बेहतर ढंग से ट्रांसपोर्ट का संचालन होगा। श्री सिंह ने निगम आयुक्त को निर्देशित किया वह शहर के अन्य स्थानों पर संचालित ट्रांसपोर्ट्स को रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर में लाए। मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने आश्वस्त किया कि ट्रांसपोर्ट नगर में जो भी आवश्यक कार्य होंगे उन्हें शीघ्रता से कराया जाएगा। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि सरकार नगरों के विकास को प्रथमिकता दे रही है और इसी क्रम में भोपाल शहर में भी लगातार विकास के कार्य किए जा रहे है और इसी के चलते भोपाल देश की स्वच्छतम राजधानी बनी है। मंत्री श्री सिंह ने भोपाल शहर को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट मिशन में शामिल करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भोपाल शहर में स्मार्ट सिटी के कार्यों के साथ ही सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों, सड़कें, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए आवास निर्माण सहित अनेक कार्य कराए जा रहे है और निश्चित ही आने वाले समय में भोपाल देश के सबसे अच्छी राजधानी बनेगी। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है और इस योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को 10 हजार रुपये, फिर 20 हजार रुपये और फिर 50 हजार रुपये तक की ब्याज रहित ऋण राशि उपलब्ध कराई जा रही है। नगरीय विकास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर में आर.टी.ओ. कार्यालय शीघ्र प्रारंभ करने के संबंध में संबंधित विभाग एवं मंत्री जी से चर्चा हुई और शीघ्र ही आर.टी.ओ. कार्यालय का लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक श्रीमती कृष्णा गौर ने रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण एवं सड़कों के निर्माण हेतु भूमिपूजन करने पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगरीय विकास विभाग अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है और इस विभाग को संभालना चुनौतीपूर्ण कार्य है। विधायक श्रीमती गौर ने लगातार विकास को गति देने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश कभी बीमारू राज्य कहलाता था अब मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में हमारा राज्य विकसित राज्य की श्रेणी में शामिल हो गया है।

### महंगी खाद से बढ़ेगी रबी सीजन की लागत

**भोपाल।** प्रदेश में कही अतिवृष्टि तो कहीं सूखे की मार से खरीफ सीजन की फसलें खराब हो गई है। दूसरी तरफ रबी सीजन के लिए सरकार ने खाद के दाम बढ़ा दिए है। डीएपी की कमी का हवाला देते हुए डीएपी के वैकल्पिक खाद एनपीके के दामों में प्रति बोरी 50 रुपए से लेकर 500 रुपए तक की बढ़ोत्तरी की गई है। जिसका सीधा किसानों की जेब पर पड़ेगा, आर्थिक तंगी के बीच रबी सीजन की लागत ओर बढ़ जाएगी। एनपीके खाद की बढ़ी हुई दरें 1 अक्टूबर से लागू होगी। आगामी रबी सीजन के लिए नई दरों की घोषणा मप्र मार्कफेड ने की है। मार्कफेड ने उर्वरक समन्वय समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार सभी जिला विपणन अधिकारियों को निर्देशित किया कि फोस्फेटिक उर्वरकों एनपीके 12ः23ः16, एनपीके 10ः26ः26, एनपीके 14ः35ः14 और अमोनियम फोस्फेट सल्फेट 20ः20ः0 का विक्रय 1 अक्टूबर 2021 के बाद नई दरों पर किया जाए।

# शारदीय नवरात्र पर्व नौ नहीं बल्कि आठ दिन का होगा

### ज्योर्तिविदों के मुताबिक, ऐसा चतुर्थी तिथि के क्षय होने से हुआ



**भोपाल।** शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र इस बार नौ नहीं बल्कि आठ दिन का होगा। इसके चलते माता के नौ स्वरूपों का पूजन आठ दिन में होगा। ऐसा चतुर्थी तिथि के क्षय होने से हुआ। इसके चलते नौ अक्टूबर को एक ही दिन माता चंद्रघंटा और मां कुष्मांडा का पूजन साथ होगा। मालूम हो ?कि नवरात्र का पर्व इस वर्ष सात अक्टूबर से शुरू हो रहा है। राजधानी के एक प्रख्यात ज्योर्तिविदों के मुताबिक श्राद्ध पक्ष 16 की बजाए 17 दिन होने से नवरात्र का एक दिन घट गया है। इस बार माता का आगमन डोली पर सवार होकर होगा। ज्योतिर्विद् के अनुसार अश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरुआत छह अक्टूबर को शाम 4.35 बजे से होगी जो सात अक्टूबर को दोपहर 1.47 बजे तक रहेगी। इस दिन चित्रा नक्षत्र छह अक्टूबर को रात 11.20 से सात अक्टूबर को रात 9.13 बजे तक रहेगा। प्रतिपदा तिथि उदयाकाल में सात अक्टूबर को होने से इस दिन विधि-विधान से घट स्थापना की जाएगी। तृतीया तिथि नौ अक्टूबर को सुबह 7.49 बजे तक रहेगी। इसके बाद चतुर्थी तिथि 7.50 से 10 को सुबह 4.56 बजे तक रहेगी। चतुर्थी तिथि किसी भी दिन सुर्योदय को स्पर्श नहीं कर रही है। इसके चलते इस बार चतुर्थी तिथि का क्षय हो रहा है। 14 अक्टूबर को नवमी तिथि के दिन मां सिद्धिदात्री का पूजन होगा। 15 अक्टूबर को एक मत से दशहरा मनाया जाएगा। अक्टूबर को पहले दिन शैलपुत्री का पूजन होगा। 8 अक्टूबर को दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी का पूजन किया जाएगा। 9 अक्टूबर को तीसरे दिन मां चंद्रघंटा और मां कुष्मांडा का पूजन होगा।10 अक्टूबर को पंचमी तिथि को स्कंदमाता की पूजा की जाएगी।11 अक्टूबर को षष्ठी तिथि पर मां कात्यायनी की पूजा होगी। 12 अक्टूबर को सप्तमी तिथि पर मां कालरात्रि का पूजन किया जाएगा।13 अक्टूबर अष्टमी तिथि पर महागौरी का पूजन होगा।

# भेल कारखाने में कैंटीनों को पुनः शुरू करने की योजना ठंडे बस्ते में




**भोपाल।** पिछले साल मार्च में कोरोना की दस्तक से पहले तक भेल कारखाने की तीनों कैंटीनों में कर्मचारियों की चहल-पहल हुआ करती थी। बीते डेढ़ साल से इन कैंटीनों में वीरानी छाई हुई है। भेल प्रबंधन कमजोर वित्तीय स्थिति का हवाला देते हुए इन कैंटीनों को फिर से शुरू नहीं करा पा रहा है। प्रबंधन का साफ कहना है कि अब कैंटीनों को न लाभ न हानि की तर्ज पर शुरू कर सकते हैं। अब कैंटीन में सबसिडी के लिए पैसे नहीं हैं। इससे कर्मचारियों में रोष है। भेल की तीनों प्रतिनिधि यूनियन राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस, भारतीय मजदूर संघ, ऑल इंडिया भेल एम्प्लोई यूनियन के पदाधिकारी कैंटीनों को सबसिडी के साथ शुरू कराने पर अड़े हुए हैं। विवाद के चलते प्रबंधन ने भेल कारखाने की तीनों कैंटीनों को शुरू करने का मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया है। इससे भेल के पांच हजार कर्मचारियों व सात हजार ठेका श्रमिकों को नाश्ता व खाना उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कर्मचारियों को घरों से ही नाश्ता व खाना लाना पड़ता है। बता दें कि भेल कारखाने की तीन पालियों में कर्मचारी काम करते हैं। ऐसे में कारखाने की कैंटीनों से रोजाना कर्मचारियों को चाय-नाश्ता व खाना नहीं मिल पा रहा है। ऑल इंडिया भेल एम्प्लोई यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव रामनारायण गिरि ने भेल प्रबंधन के समक्ष फिर यह मांग दोहराई है कि कैंटीनों को सबसिडी की पुरानी व्यवस्था के तहत ही पुनः शुरू करें। भेल कारखाने में पदस्थ अधिकारियों के खर्चों में कोई कटौती नहीं की जाती है। प्रबंधन को कर्मचारियों के खर्चों में कटौती करने की याद क्यों आती है।

## पाकिस्तानी विदेश मंत्री कुरैशी ने तालिबान की पैरवी कर कहा, उन्हें मौका दे

**जिनेवा।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में तालिबान की अनुभवहीन सरकार से निपटने के लिए यथार्थवादी बनने, धैर्य दिखाने, बातचीत करने और सबसे जरूरी खुद को अलग-थलग न होने देने जैसे महत्त्वपूर्ण पहलुओं को अपनी योजना में शुमार किया है।इमरान सरकार का प्रस्ताव है, कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय तालिबान को राजनयिक मान्यता देने को लेकर एक खाका तैयार करे और अगर वे (तालिबान) उसकी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं,तब प्रोत्साहनों की घोषणा करे। इसके बाद आमने-सामने बैठकर मिलिशिया के नेताओं के साथ बात करें। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से इतर एक साक्षात्कार में विचार को रेखांकित किया। कुरैशी ने कहा,अगर वे उन उम्मीदों पर खरे उतरते हैं,तब वे अपने लिए आसानी पैदा करेंगे, उन्हें स्वीकार्यता मिलेगी जो मान्यता के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा, ठीक उसी वक्त, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह समझना होगा कि विकल्प क्या है? क्या और कोई विकल्प हैं? यह सच्चाई है और क्या वे सच्चाई से मुंह मोड़ सकते हैं? उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, शांतिपूर्ण, स्थिर अफगानिस्तान को लेकर और आतंकवादियों को उनके पैर जमाने देने के लिए कोई मौका नहीं देने के, अंतरराष्ट्रीय समुदाय के विचार के अनुरूप ही विचार रखता है। और यह कि तालिबान सुनिश्चित करे, कि अफगान धरती का किसी अन्य देश के खिलाफ कभी इस्तेमाल नहीं किया जाए। कुरैशी ने कहा,लेकिन हम कह रहे हैं, कि अपने रुख में ज्यादा वास्तविक बनें। उनके साथ बातचीत का नया तरीका अपनाएं।



# भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भिंड में आयोजित

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**
**(स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद श्रीमती संध्या राय ने किया)**



**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिन के अवसर पर सेवा और समर्पण अभियान के तहत भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला भिंड का द्वारा जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कोविड-19 टीकाकरण एवं रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरण कर उनको सही इलाज के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों का मार्गदर्शन किया ।भाजपा मीडिया सेंटर से मीडिया प्रभारी अजय शर्मा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ शिवकुमार राजौरिया कार्यक्रम प्रभारी शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सुशील गुप्ता प्रकोष्ठ के सह जिला प्रभारी डॉ तरुण शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया की जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय मैं पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया जिसका समय सुबह 10ः00 बजे से दोपहर 2ः00 बजे तक शिविर आयोजित किया गया 300 से अधिक मरीजों ने अपना पंजीयन एवं वैक्सीनेशन करवाया ।

चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार के संयुक्त अभियान से कोविड-19 अभियान के तहत चलाए जा रहे व्यक्ति सेशन अभियान के अंतर्गत 18 वर्ष की आयु या उससे ऊपर के सभी लोगों को टीकाकरण युवाओं एवं महिलाओं ने टीकाकरण कराने में बढ़-चढ़कर भाग लिया । सभी लोगों ने अपने परिवार सहित आकर टीके भी लगवाए, साथ ही बीपी टेस्ट ब्लड शुगर खांसी बुखार जुखाम मेडिसन एवं स्त्री रोग आंख तथा आयुर्वेदिक पद्धति से किए जाने वाले सभी रोगों के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा जिसमें सही इलाज के लिए विशेषण से विशेषज्ञों द्वारा उन्हें लाई दी जाएगी ।

# सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर गुणवत्तायुक्त उतारने के लिये अधिकारी जन प्रतिनिधियों से सामन्जस्य स्थापित करें: सांसद

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**
**(विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक आयोजित)**

**भिण्ड ।** सांसद श्रीमती संध्या राय की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, एसडीएम भिण्ड उदय सिंह सिकरवार, डिप्टी कलेक्टर एवं पीओ डूडा महेश बड़ोले सहित, समिति सदस्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक मे अधिकारियों को निर्देश देते हुए सांसद श्रीमती संध्या राय ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर गुणवत्तायुक्त उतारने के लिये अधिकारी जन प्रतिनिधियों से सामन्जस्य स्थापित करें ताकि योजनाओं का लाभ दूर-दराज के व्यक्तियों तक भी पहुंच सके। बैठक में पिछली बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसके अंतर्गत पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों अंतर्गत विभिन्न विभाग जैसे पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पीएचई, विद्युत, नगरीय निकाय आदि द्वारा पूर्ण किये गए कार्यों की जानकारी प्रदान की गई। सांसद श्रीमती संध्या राय एवं विधायक संजीव सिंह कुशवाह द्वारा नाराजगी जाहिर कर कहा कि नगर में सीवर कार्य के पश्चात संबंधित कम्पनी द्वारा रेस्टोरेशन कार्य ठीक से नहीं किया गया। इसे ठीक करना होगा ऐसे निर्देश उन्होंने बैठक में दिये। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं अंतर्गत लक्ष्य, वर्तमान प्रगति की स्थिति की जानकारी बैठक में प्रदान की गई। सांसद श्रीमती संध्या राय एवं विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने विभाग अंतर्गत योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक से हो, और योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को मिले इस ओर कार्य किया जाए। उन्होंने पीएमजीएसवाय एवं एमपीआरडीसी की समीक्षा के दौरान सड़कों के गुणवत्ता पूर्ण निर्माण पर विशेष ध्यान रखा जाए साथ ही रेस्टोरेशन पर भी ध्यान रहे। जिला पंचायत अंतर्गत खेल मैदान निर्माण अंतर्गत निर्माण ठीक से गुणवत्ता पूर्ण हो ऐसे निर्देश भी सांसद ने दिए। बैठक में एनआरएलएम, सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय राज्यमार्ग, शहरी विकास अभिकरण, भू-अभिलेख, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी, एमजेएस कॉलेज, जल संसाधन, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, आईटीआई, आदिम जाति कल्याण आदि विभागों की दिए गये।

## ऑस्ट्रेलिया के साथ परमाणु पनडुब्बी समझौते पर अमेरिका ने गलती स्वीकारी

**वॉशिंगटन।** ऑस्ट्रेलिया के साथ परमाणु पनडुब्बी समझौते पर अमेरिका ने अंततः अपनी गलती स्वीकार कर ली है। अमेरिका और फ्रांस के बीच जारी राजनयिक संकट के सुधार की उम्मीद भी बन गई है। मामले को लेकर जो बाइडेन ने इमैनुएल मैक्रों से पहली बार बात की है। इस बातचीत में दोनों नेताओं ने ऑस्ट्रेलिया के साथ परमाणु पनडुब्बियों के समझौते को लेकर पैदा हुए तनाव पर बात की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान बाइडेन ने बातचीत के लिए अमेरिका के गलत कदमों को स्वीकार किया है। फ्रांस, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए परमाणु पनडुब्बियों के सौदे 'ऑकस' को लेकर भड़का हुआ है। यही कारण है कि उसने अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया से अपने राजनयिकों को भी वापस बुला लिया है। बाइडेन और मैक्रों की बातचीत के बाद अमेरिका और फ्रांस न संयुक्त बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि मैक्रों और बाइडेन इस बात पर सहमत हुए हैं कि फ्रांस और हमारे यूरोपीय भागीदारों के रणनीतिक हित के मामलों पर सहयोगियों के बीच खुले परामर्श से स्थिति को फायदा होगा। यह भी बताया गया है कि राष्ट्रपति बाइडेन ने उस संबंध में अपनी जारी प्रतिबद्धता से अवगत कराया है। 'ऑकस' ने फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया के बीच 43 अरब डॉलर के समझौते को भी खत्म कर दिया है। इस समझौते के जरिए फ्रांस ऑस्ट्रेलिया को 12 परमाणु शक्ति से संचालित पनडुब्बियों को देने वाला था। 2019 में साइन हुए इस डील को फ्रांस से सदी का समझौता बताकर जश्न मनाया था। वहीं अब फ्रांसीसी विदेश मंत्री जीन-यवेस ले ड्रियन ने इसे पीठ में छुरा घोंपने के जैसा बताया था। दुनिया में कोई भी रक्षा सौदा केवल हथियार की अच्छी क्वालिटी को देखकर नहीं किया जाता है।

# ग्वालियर में पेयजल, सड़क, रेल व हवाई अड्डा विस्तार शीघ्र

### ग्वालियर चंबल अंचल के विकास कार्यो का खाका सिंधिया ने पेश किया

**ग्वालियर।** केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर चंबल अंचल के लिये आज विकास कार्यो की समीक्षा की। वहीं ग्वालियर अंचल के लिये पेयजल , सडक़ और विमान प्राधिकरण के लिये 2050 तक के लिये विकास कार्यो की योजनाओं का खाका भी अधिकारियों ने प्रस्तुत किया।

इस समीक्षा बैठक के उपरांत पत्रकारों से चर्चा में बताया कि ग्वालियर चंबल के लिये आधुनिक और संस्कृति का प्रारूप बनाया जाये। इस योजना के लगभग 8-9 पहलू हैं। इसके पहले भाग में 2050 तक की महत्वाकांक्षी योजना ग्वालियर और मुरैना में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की है। इसके लिये 467 एमएलडी और 2050 तक पानी उपलब्ध रहे । इसी योजना पर काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने चंबल से मुरैना के लिये पानी लाने की योजना स्वीकृत कराई है। वहीं केन्द्रीय मंत्री तोमर और सांसद विवेक शेजवलकर ने मिलकर ग्वालियर के लिये पानी लाने की योजना भी तैयार की है। इसके तहत चंबल राजघाट से मुरैना तक और मुरैना के कोतवाल बांध से ग्वालियर तक पाइप लाइन से पानी लाने की योजना को स्वीकृत कराकर उस पर काम चल रहा है। इस योजना के लिये 225 करोड की योजना तैयार की है। वहीं ग्वालियर में ओएचडी से पानी पहुचाने के लिये 300 करोड की योजना तैयार की है। इसके लिये लगभग 550 करोड की डीपीआर तैयार कर उसकी स्वीकृति मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से दिलाई गई है। उन्होने बताया कि इसके लिये मुख्यमंत्री से चाहे तो एडीबी से या किसी अन्य मद से ऋण दिलाने के लिये कहा है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने बताया कि दूसरी महत्वाकांक्षी योजना स्वर्ण रेखा पर एलीवेटेड रोड का बनाना है। इससे यातायात की समस्या का समाधान होगा। इसके तहत ट्रिपल आईटीएम से लक्ष्मीबाई की समाधि तक छह किलोमीटर की रोड बनाई जायेगी जिसकी डीपीआर 447 करोड की है। वहीं दूसरे चरण में 450 करोड की योजना लक्ष्मीबाई की प्रतिमा से वीरपुर बांध तक की डीपीआर स्वीकृत कराई जा रही है। इसके प्रथम चरण के टेंडर संभवत- अगले माह तक होंगे, और केन्द्रीय मंत्री तोर वह स्वयं और सांसद शेजवलकर द्वारा कार्य का शुभारंभ किया जायेगा। तीसरी महत्वाकांक्षी योजना डीआरडीई की शिफ्टिंग की है।





## नैनो न्यूज

### ग्वालियर से तिरुपति जाने के लिए अब सीधी ट्रेन, आज सिंधिया दिखाएंगे हरी झंडी

**ग्वालियर।** ग्वालियर से तिरुपति जाने के लिए अब सीधी ट्रेन मिलने लगेगी । यह ट्रेन 24 सितंबर शुक्रवार से यहां रुकेगी। ट्रेन नंबर 02782 निजामुद्दीन-तिरुपति एक्सप्रेस को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शुक्रवार को को हरीझंडी दिखाकर तिरुपति के लिए रवाना करेंगे।ट्रेन नंबर 02782 सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शुक्रवार और रविवार को रुकेगी। जबकि ट्रेन नंबर 02781 तिरुपति-निजामुद्दीन, आंध्र प्रदेश संपर्क क्रांति सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलेगी। जबकि यह ग्वालियर रेलवे स्टेशन में अगले दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को आएगी। रेल प्रशासन ने इस ट्रेन के स्टॉपेज का शेड्यूल जारी कर दिया है।

### युवक ने जहर खाया

**ग्वालियर।** शहर के हजीरा थाना क्षेत्र में स्थित माधवी नगर गदाईपुरा में रहने वाले एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार हजीरा थाना क्षेत्र के माधवी नगर गदाईपुरा निवासी ज्ञानेश बीते रोज बाजार से आया इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पता पड़ा कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है ।अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### दूध निकालकर गाय को सड़क पर छोडने वाले गो-पालकों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर की सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही शहर के गो-पालकों से भी आग्रह किया गया है कि वह अपनी गाय खुले में ना छोड़ें इससे यातायात अवरुद्ध होता है और दुर्घटना की संभावना भी बढ़ती है। समझाने के बाद भी यदि कोई गाय सड़क पर खुले में पाई गई तो संबंधित गोपालक के खिलाफ निगम द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल ने बताया कि शहर के नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात व साफ एवं स्वच्छ सड़कें उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है और नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर की सड़कों को बाधित करने वाले आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए निरंतर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है तथा शहर की विभिन्न सड़कों से आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला भिजवाया जा रहा है। इसके बावजूद देखने में आ रहा है कि शहर की सड़कों पर प्रतिदिन गोवंश की संख्या बढ़ रही है, जिसके कारण सड़कों पर गंदगी तो होती है , साथ ही यातायात बाधित होता है और दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। इस कारण आम नागरिकों में भी काफी रोष व्याप्त है। निगमायुक्त श्री कान्याल ने शहर के सभी गो पालकों से आग्रह किया है कि वह अपने अपने गोवंश को खुले में ना छोड़े। इसके बाद भी यदि शहर की सड़कों पर गाय खुले में पकड़ी जाती है तो गाय को गौशाला भिजवाया जाएगा तथा संबंधित गोपालक के खिलाफ निगम द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ध्रुपद समारोह 16 से

**ग्वालियर।** राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय द्वारा 16 से 18 नवंबर तक विश्वविद्यालय दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक समिति के सहयोग से महाराज बाड़ा स्थित टाउन हॉल में ध्रुपद समारोह का आयोजित किया जाएगा। इसमें कलाकार द्रुपद की प्रस्तुति देंगे।

# 4 साल की बच्ची के साथ हैवानियत, आरोपी दबोचा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में 4 साल की बच्ची के साथ हैवानियत सामने आई है। घर के बाहर खेल रही मासूम को चॉकलेट का लालच देकर पड़ोसी अपने घर ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना 13 सितंबर को लधेड़ी इलाके में अक्कड़ की बगिया की है। 7 से 8 दिन बच्ची बुखार में तपती रही, इसलिए कोई कुछ समझ नहीं पाया।

हालत में सुधार आया, तो उसने अपने साथ हुई हैवानियत के बारे में मां को बताया। बच्ची के शरीर पर कई जगह सूजन है। बच्ची की मां ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। बच्ची का मेडिकल कराने के बाद दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### 13 सितंबर की है घटना

4 साल की बच्ची 13 सितंबर की शाम घर से खेलने जाने की कहकर निकली थी। वह पड़ोस में रहने वाले पप्पू बाथम के घर के बाहर खेल रही थी। पप्पू नशे का आदी है। वह कुछ काम नहीं करता है। उसने घर के बाहर खेल रही बच्ची को चॉकलेट का लालच दिया और अंदर ले गया। हैवानियत के बाद घर के बाहर छोड़कर भाग गया। घटना के बाद से मासूम बुखार में तप रही थी। उसकी मां और पिता इलाज करा रहे थे, लेकिन बुखार कम होने का नाम नहीं ले रहा था। बच्ची के कपड़े बदलते समय मां ने देखा कि उसके सीने और प्राइवेट पार्ट में चोट के निशान हैं। 8 दिन बाद जब बच्ची की हालत में सुधार आया तो उसने आपबीती बताई। बच्ची ने मां को बताया कि कैसे पप्पू अंकल उसे ले गए। यहां उसके साथ गलत हरकत की। बच्ची की मां ने पिता को घटना से अवगत कराया। इसके बाद ग्वालियर थाने में शिकायत दर्ज कराई।




### पुलिस ने पहले आरोपी को पकड़ा फिर दर्ज की FIR

घटना के एक सप्ताह बाद मासूम की मां ने उसकी हालत में सुधार के बाद पुलिस को मामले से अवगत कराया। ग्वालियर थाना टीआई दीपक यादव का कहना है कि पुलिस ने आरोपी को बुधवार को पकड़ लिया है। घटना के संबंध में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# मांडरे की माता की पूजा कर सिंधिया ने लिया आशीर्वाद

**ग्वालियर।** गुरुवार को अपने प्रवास के दूसरे दिन की शुरूआत केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मांडरे की माता की पूजा अर्चना कर की है। मंदिर के बाहर मीडिया से बात करते हुए सिंधिया बोले हैं कि भविष्य में किस तरह का ग्वालियर होगा उसको लेकर चर्चा कर रहा हूं। बुधवार को मेरा जो स्वागत किया गया उससे अभिभूत हूं, कृतज्ञ हूं।

मेरा जीवन जनसेवा, विकास के लिए समर्पित है। मध्य प्रदेश के विकास के लिए काम करता रहूंगा। मांडरे की माता से मेरा अटूट रिश्ता है। यहां हर साल आता हूं। मेरी दादी,पिता यहां आते थे। जब भी मुझे मौका मिलता है मैं दर्शन करने आ जाता हूं। इस दौरान पूरी पूजा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के भांजे पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा उनके साथ रहे हैं। शाम सिंधिया उनके घर भी जाने वाले हैं। दोनों की नजदीकियां बहुत कुछ समीकरण बनाती हैं। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य ने तीन दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन की शुरूआत गुरुवार को मांडरे की माता मंदिर में पूजा अर्चना से की। इसके बाद वह खेड़ापति मंदिर भी गए और यहां पूजा अर्चना कर हनुमान जी का आशीर्वाद लिया है। इसके बाद वह फिर वह एयरपोर्ट विस्तार के लिए प्रस्तावित जमीन को देखने जाएंगे। क्योंकि सिंधिया के प्रयास से ही यह जमीन मिल रही है। इसके साथ ही वह शहर में हो रहे विकास कार्यो की समीक्षा भी करेंगे। समीक्षा बैठक के लिए अफसरों ने पूरी प्लानिंग कर ली है। अफसर सबसे ज्यादा फोकस उन प्रोजेक्ट पर कर रहे हैं। जिन पर सिंधिया का ज्यादा फोकस रहा है। अफसरों को पता है कि यदि सिंधिया के ड्रीम प्रोजेक्टर की प्रेजेंटेशन में कमी रही तो सबसे सामने फटकार पड़ना तय है।





**अनूप मिश्रा बोले मदभेद थे मनभेद कभी नहीं थे:** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के भांजे व प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा मांडरे की माता मंदिर में उनके साथ रहे। उनकी और सिंधिया की नजदीकियां राजनीति के नए समीकरण बना रही हैं। इस पर अनूप मिश्रा का कहना था कि ज्योतिरादित्य सिंधिया से अलग-अलग पार्टी के होने के कारण मदभेद थे, लेकिन मनभेद पहले भी नहीं था और अब भी नहीं हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी को सिंधिया परिवार ने काफी मदद की थी। तब से हमारे इस परिवार से संबंध हैं। मैंने तय किया था जब ज्योतिरादित्य सिंधिया को केन्द्र में मंत्री बनाया जाएगा तो घर बुलाउंगा। पर उन्होंने खुद ही इसका ध्यान रखा। शाम को वह मेरे घर आ रहे हैं।

### टूटा सीवर चेंबर बदलवाने के लिए यहां करें शिकायत

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में सड़क के लेवल से ऊंचे, नीचे सीवर चेम्बर एवं टूटे सीवर चेम्बर को बदलने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, शहर में कहीं भी टूटे चेंबर की शिकायत मिलने पर 24 घंटे के अंदर शिकायत का निराकरण किया जा रहा है। नोडल अधिकारी सीवर शाखा राजेंद्र सिंह भदोरिया ने बताया कि नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल के निर्देशानुसार शहर के टूटे चेंबर एवं सड़क के लेवल से ऊंचे व नीचे चेंबर बदलने के लिए नगर निगम ग्वालियर के अमले द्वारा नियमित रूप से अभियान चलाकर चेंबर बदलने का कार्य किया जा रहा है। नोडल अधिकारी श्री भदौरिया ने बताया कि सीवर चेंबर की समस्या के त्वरित निराकरण के लिए निगम की पीएचई कार्यालय राम मंदिर लश्कर, कांचमील ग्वालियर, बहोडापुर ग्वालियर , थाटीपुर मुरार, दीनदयाल नगर एवं नगर निगम मुख्यालय सिटी सेंटर पर प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक कर्मचारी सीवर संबंधित समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करते हैं।

# पूरा होगा माधवराव सिंधिया का 35 साल पुराना सपना, 'मार्क' को दी गई जमीन पर मेदांता बनाएगा अस्पताल

**ग्वालियर।** ग्वालियर के लिए बड़े निजी क्षेत्र के अस्पताल का सपना कांग्रेस दिग्गज माधवराव सिंधिया ने देखा था और गोले के मंदिर पर प्राइम लोकेशन की 20 एकड़ ज़मीन हॉटलाइन समूह के उद्योगपति मुकेश अग्रवाल को आवंटित की गई थी। इस ज़मीन पर मार्क के नाम से 1000 बिस्तर का अस्पताल प्रस्तावित था। अब इस ज़मीन पर विश्वस्तरीय अस्पताल बनाने के लिए मेदांता समूह को राजी किया गया है। गुरुवार को संवाद माध्यमों से चर्चा करते हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि मेदांता की टीम के अक्टूबर के अंत तक ग्वालियर आने की उम्मीद है। गुरुवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संवाद माध्यमों से चर्चा करते हुए ग्वालियर के विकास के लिए योजनाओं का पिटारा खोल दिया। सड़क से लेकर रेल, चंबल से पानी लाने से लेकर स्वर्ण रेखा नदी किनारे पर एलेवेटेड सड़क, और अपने पिता के 35 साल पहले देखा विश्व-स्तरीय अस्पताल के सपने की ताबीर, सभी सौगातें उनके पिटारे से निकलीं।

**मार्क हॉस्पिटल की ज़मीन पर अस्पताल बनाने मेदांता राजी:** गोला का मंदिर चौराहे पर 35 साल से प्रस्तावित मार्क हॉस्पिटल को अंचल के बड़े अस्पताल के तौर पर तैयार करने की योजना अंतिम रूप ले चुकी है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि मेदांता समूह के डॉ.त्रेहान यहां अस्पताल बनाने को तैयार हो गए हैं। इस ज़मीन पर मेदांता विश्व-स्तरीय अस्पताल बनाएगा जाएगा। सिंधिया ने बताया कि अक्टूबर के अंत तक मेदांता की टीम जमीन का सर्वे करेंगी, इसके बाद मेदांता जमीह को आवंट की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

**ग्वालियर ही नहीं, दूसरे राज्य के लोगों को भी फायदा:** ग्वालियर में अंचल के जिलों के अलावा मप्र, राजस्थान व उप्र के कई शहरों से लोग इलाज कराने के लिए आते हैं। इस अस्पताल के बनने पर इलाज की व्यवस्था बेहतर होगी। गोला का मंदिर चौराहे की करीब 20 एकड़ जगह पर 1986 से यह एक हजार बिस्तर का अस्पताल प्रस्तावित है। इसमें अब अस्पताल ब्लॉक के साथ मरीजों के अटेंडेंट के ठहरने के लिए हॉल-कमरे, कैंटीन, पार्किंग स्पेस आदि की सुविधा को ध्यान में रखकर कंस्ट्रक्शन प्लान तैयार होगा। अस्पताल में ग़रीब मरीजों के लिए भी रियायती दरों पर इलाज की शर्त मेदांता समूह के साथ रकी जाएगी।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने इन योजनाओं की दी जानकारी

- ग्वालियर पॉटरीज से मिली ज़मीन पर जयारोग्य चिकित्सा समूह के विस्तार के तौर पर बन रहे एक हजार बिस्तर के अस्पताल करीब 700 बिस्तरों का टॉवर-ष्ट बनकर तैयार हो गया है। जल्द ही इसका शुभारंभ किए जाने की योजना है।
- ग्वालियर को पर्यटन नगरी के तौर पर विकसित किए जाने की योजना के तहत आसपास के पर्यटन और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर बुनियादी संरचनाओं का विकास पर्यटकों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए किया जाएगा। स्मार्ट सिटी अधिकारियों को सुझव दिया गया है कि शहर के सैकड़ों साल पुराने मोहल्लों, जिन्हें उनके नाम के साथ 'ओली' लगाकर पहचाना जाता है, उन्हें पुरातात्विक थीम पर विकसित किया जाएगा।
- स्वर्ण रेखा नदी के किनारे दो एलेवेटेड सड़क मार्ग विकसित किए जाएंगे। इसके लिए करीब 450 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है।

# सिंधिया के रोड शो में भीड़ इकट्ठी करने का गणित: जमीन के पट्टे की चाह में सुबह से रात तक भूखी प्यासी खड़ी रही महिलाएं



### पूर्व विधायक यही वादा कर लाए थे कई लोगों को, 1 घंटे फंसी रही एम्बुलेंस

**ग्वालियर।** ग्वालियर में बुधवार को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के रोड शो में भीड़ जुटाने और उसे सफल बनाने के लिए सिंधिया समर्थकों ने काफी मेहनत की है। फूलबाग चौराहा पर खड़ी कुछ महिलाओं ने पूर्व विधायक व सिंधिया समर्थक मुन्नालाल गोयल पर मकान के लिए पट्टा दिलाने का लालच देकर रोड शो में लाने का आरोप लगाया है। महिलाओं का कहना था कि मुन्नालाल गोयल ने बोला था कि सारे बड़े-बड़े नेता आ रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया वहीं पट्टे बांटेंगे। गरीब महिलाएं और उनके परिवार के सदस्य भूखे प्यारे दिन भर बसों में बैठे रहे। जब सिंधिया आए तो पल भर में वहां से निकल गए, जिससे लोग काफी गुस्सा थे। महिलाओं का कहना था कि पूर्व विधायक ने हमसे झूठ बोला। यह गरीबों का मजाक बनाने जैसा है, जबकि रोड शो के चलते पूर्व विधायक से इस मसले पर बात नहीं हो पाई।

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के रोड शा में पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल के साथ आए कुछ लोगों ने बड़ा खुलासा किया है। फूलबाग पर बसों में सवार होकर बैठीं महिलाओं से जब पूछा गया कि वह किस लिए आई हैं। तो उन्होंने बताया कि उनको मुन्नालाल गोयल लेकर आए हैं। सुबह 11 बजे से घर से निकली हैं। रात के 8 बज गए हैं। न तो कुछ खाया है न ही कुछ पीने को मिला है। दिन भर में बस एक-एक पानी का पाउच मिला था। महिलाओं के साथ कुछ पुरुष भी थे। उन्होंने बताया कि मुरार के सिरोल में डोंगरपुर, फूटी बैरक, फूटी पार्क व आसपास के इलाकों से मजदूर व गरीब परिवारों को यह कहा गया था कि उनको आज ज्योतिरादित्य सिंधिया जमीन के पट्टे बांटेंगे, लेकिन यहां तो ऐसा कुछ नहीं हुआ। हम अपने बच्चों को घर पर भूखा प्यासा छोड़कर आए हैं।

**दिन भर बैठाए रखा कुछ खाने को भी नहीं दिया:** पूर्व विधायक गोयल लोगों को ले भी आए, लेकिन उनके खाने का इंतजाम नहीं था। सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक उनको खाने के लिए कुछ नहीं मिला। वह भूखे प्यासे बैठे रहे हैं। दिन में एक बार पानी के पाउच जरूर आए थे। वह भी एक-एक पाउच दिया गया था। लोग इसलिए भी ज्यादा गुस्सा थे कि उनको खाने के लिए भी कुछ नहीं दिया गया।

**महिलाओं का कहना:** डोंगरपुर निवासी रजनी ने बताया कि दो साल हो गए हैं हमारे मकान टूटे हुए। मुन्नालाल गोयल आए थे। कहा कि फूलबाग पर ज्योतिरादित्य सिंधिया और बड़े नेता हैं। जो वहां पर ही जमीन के पट्टे देंगे। नहीं आओगे तो पट्टे नहीं मिलेंगे। ऐसा कुछ नहीं हुआ। विद्याबाई निवासी डोंगरपुर ने कहा कि हमें तो मुन्नालाल गोयल लाए थे। यह कहा था कि वहां आ जाना तो जमीन के पट्?टे मिलेंगे। नहीं आओगे तो कुछ नहीं मिलेगा। दिन भर में सिर्फ एक पानी का पाउच मिला है और कुछ नहीं। जब उनसे पूछा गया कि कोई लालच या प्रलोभन दिया गया था क्या तो इस पर महिलाओं का कहना था ऐसा कुछ नहीं है।



**ट्रैफिक जाम में फंसी रही एम्बुलेंस:** जब केन्द्रीय मंत्री का रोड शो पुरानी छावनी इलाके से निकल रहा था, तो आसपास के अन्य रास्तों पर ट्रैफिक को रोक दिया गया था। इसी ट्रैफिक में मुरैना से ग्वालियर आ रही एक एम्बुलेंस भी करीब एक घंटे तक फंसी रही। एम्बुलेंस में राजेश नाम का मरीज था। उसके पेट का ऑपरेशन हुआ था, लेकिन लगातार दर्द होने पर उसे ग्वालियर के छ्व॥ रैफर किया गया था। पर इस एम्बुलेंस को वाहनों के जाम से निकालने के लिए न तो वहां कोई पुलिस थी न ही कोई अफसर। करीब 1 घंटे तक गाड़ी उस पॉइंट पर ही फंसी रही। इसके बाद जब रोड शो वहां से निकल गया तो आगे रास्ता मिल सका।

**मोबाइल, पर्स हुए पार:** रोड शो में आम लोगों के साथ-साथ जेबकट भी शामिल हुए हैं। पुरानी छावनी से लेकर बाड़ा था कई लोगों के मोबाइल और पर्स चोरी हुए हैं। करीब 20 लोगों की सूचना तो पुलिस तक पहुंच गई है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478